रोहतक

शुक्रवार, 29 दिसंबर 2023

पौष मास कृष्ण पक्ष,
तृतीया वर्ष : 27, अंक : 337
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00


मौसम

अधि. 19.0
न्यून. 7.0


आमंत्रण मूल्य ₹ 3.00/-

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





03 जेमिमा शतक से चूकी पूजा का अर्धशतक




# विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रगति में हरियाणा बना देश में नंबर वन

## ■ मुख्यमंत्री ने उपायुक्तों के साथ की बैठक ■ 3438 ग्राम पंचायत/वार्डों में हो चुके कार्यक्रम

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



■ यात्रा में 23 लाख से अधिक लोगों ने की भागीदारी

■ मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश, नागरिकों की समस्याओं का समाधान करें

मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा राज्य में 30 नवंबर को शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा दिन-प्रतिदिन नागरिकों में नया जोश भर रही है। हर दिन लाखों लोग गांवों और शहरों में यात्रा का स्वागत कर रहे हैं और अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं। परिणामस्वरूप यात्रा की प्रगति के मामले में अभी तक हरियाणा देश में पहले स्थान पर है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बुधवार को देर शाम सभी जिला उपायुक्तों के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता भी उपस्थित थे। लोकसभा सांसद और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए। उन्होंने जिला उपायुक्तों का उत्साहवर्धन किया और निर्देश देते हुए कहा कि हरियाणा का रैंक आगे भी पहले स्थान पर बरकरार रहे, इसके लिए लगातार मेहनत करते रहें। उन्होंने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नागरिकों को उनके घर द्वार पर देना है। साथ ही लोगों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण सुनिश्चित करना है। इसलिए यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में परिवार पहचान पत्र, आयुष्मान कार्ड, निरोगी हरियाणा इत्यादि फ्लैगशिप योजनाओं के स्टॉल्स की संख्या को बढ़ाया जाए ताकि अधिक से अधिक नागरिकों को सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि परिवार पहचान पत्र और आयुष्मान कार्ड के लिए गठित टीमें हर नागरिक के प्रतिवेदन को स्वीकार करें और उनकी समस्याओं का संपूर्ण समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी तक इस यात्रा का संचालन किया जाना है और इस दौरान हम सभी का यह ध्येय होना चाहिए कि अंत्योदय की भावना से पात्र व्यक्ति को हर योजना का लाभ दिया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि हर गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए डे- नोडल अधिकारी ग्रुप -बी स्तर के अधिकारी को ही नियुक्त करें।

बैठक के दौरान यात्रा में अच्छा प्रदर्शन न करने वाले जिलों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जिला प्रशासन के अधिकारी लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करें और उन्हें योजनाओं का लाभ प्रदान करें। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी की गाड़ी आम जनता तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का सशक्त माध्यम बन रही है। केंद्र व राज्य सरकार की सभी योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे यह सुनिश्चित करना अधिकारियों की जिम्मेवारी है। उन्होंने ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अप्रैल माह से प्रदेश में लगातार जन संवाद के कार्यक्रम चलाए जा रहे थे, जिस दौरान मौके पर लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा था। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए अब जन संवाद को विकसित भारत संकल्प यात्रा के साथ जोड़ा गया है, इसलिए अधिकारियों की और भी जिम्मेदारी बन जाती है कि योजनाओं का लाभ देने के साथ-साथ जनसंवाद कार्यक्रम के तहत नागरिकों की समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित किया जाए। सफाई व्यवस्था पर दें विशेष ध्यान, ढिलाई बरतने पर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों पर होगी कार्रवाई मुख्यमंत्री ने जिला उपायुक्तों को सख़्त निर्देश दिए कि शहरों में सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखें।

### 4 लाख 81 हजार से ज्यादा लोग स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे

यात्रा के दौरान बृहस्पतिवार तक 4 लाख 81 हजार से ज्यादा लोगों ने हेल्थ कैंपों में पहुंचे और अपनी स्वास्थ्य संबंधी स्क्रीनिंग करवाई। 3 लाख 23 हजार से अधिक लोगों की टीबी की स्क्रीनिंग की गई। यात्रा के दौरान 5 लाख 92 हजार से अधिक लोगों को आयुष्मान भारत कार्ड व 5956 किसान क्रेडिट कार्ड जारी किये गए। आयुष्मान चिरायु योजना के तहत एक लाख 28 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। 22531 स्वामित्व कार्ड बांटे गए। 7370 लोगों ने पीएम स्वनिधि योजना के लिए जानकारी ली। इस दौरान 6809 लोगों आधार कार्ड कैंप में पहुंचे और 3038 लोगों ने नेचुरल फार्मिंग से संबंधित जानकारी ली। यात्रा के दौरान 20326 महिलाओं को, 32510 विद्यार्थियों, 4492 स्थानीय खिलाड़ियों तथा 4293 स्थानीय कलाकारों को अवार्ड भी वितरित किए गए।

# चिकित्सक आज फिर हड़ताल पर रहेंगे

टीम हरिभूमि ▶▶ रोहतक

■ इमरजेंसी सेवाएं भी रहेंगी बंद, केवल गंभीर मरीजों को दिया जा सकता है उपचार

■ अस्पताल प्रबंधनों ने चिकित्सकों की हड़ताल को देखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था तैयार की

सप्ताह में दूसरी बार शुक्रवार को नागरिक अस्पतालों में चिकित्सक हड़ताल पर रहेंगे। इस बार इमरजेंसी व पोस्टमार्टम सेवाएं भी बंद रखे जाने की बात कही गई है। चिकित्सक केवल इस बात पर चर्चा कर रहे हैं कि कोई गंभीर मरीज हो और इलाज से उसकी जान बच जाए तो उसको उपचार दिया जाए। बुधवार को केवल ओपीडी को बंद रखा गया था। इसमें भी लोगों को काफी परेशानी हुई। अब इमरजेंसी व पोस्टमार्टम सेवाएं बंद होने से पूरी स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा जाएंगी। ऐसे में लोगों को काफी सावधानी बरतने की जरूरत होगी। जींद हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन अपनी मांगों को लेकर शुक्रवार को दूसरी बार हड़ताल पर रहेंगे। एसोसिएशन के जिला प्रधान डा. विजेंद्र ढांडा ने कहा कि बुधवार को हड़ताल के दौरान बीएएमएस तथा एनएचएम चिकित्सकों को ओपीडी में बैठाया गया था, इससे कुछ मरीजों का इलाज तो मिला था। अब उन्होंने वीरवार को बीएएमएस तथा एनएचएम चिकित्सकों से भी बातचीत कर ली है। वह भी हड़ताल में उनका समर्थन करेंगे।

### बैठकों का दौर चला नहीं बनी बात

**चंडीगढ़।** हरियाणा में डॉक्टरों की हड़ताल को लेकर देर रात तक बैठकों का दौर जारी रहा। पंचकूला महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं और हरियाणा मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन के पदाधिकारी के बीच देर रात तक वार्ता का दौर चला। इसके बाद आने वाले दो दिनों में डॉक्टरों की मांगों का कोई हल निकालने पर वार्ता हुई लेकिन शुक्रवार को डॉक्टर इमरजेंसी सेवाओं को छोड़कर हड़ताल पर रहेंगे। अर्थात संकेत हड़ताल जारी रहेगी और शनिवार रविवार को कोई ना कोई निकल जाने के आसर हैं ।हरियाणा मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉक्टर राजेश ख्यालिया ने देर रात बताया कि आने वाले दो दिनों में समाधान आश्वासन के बाद शुक्रवार को सांकेतिक हड़ताल रहेगी।

## खबर संक्षेप

### डॉ. गौरी ने संभाला डेंटल डायरेक्टर का कार्यभार



**चंडीगढ़।** हरियाणा डेंटल डायरेक्टर पद पर डॉक्टर कुलदीप गौरी ने जिम्मेदारी संभाल ली है। डॉक्टर गौरी का कहना है कि सरकार के दिशा निर्देशों पर पारदर्शी तरीके से कामकाज किया जाएगा, बिना वजह फाइलों को लटकाने और देरी करने वाले कर्मचारी पर करवाई होगी।फतेहाबाद में लंबे समय से काम कर रहे डॉक्टर कुलदीप गौरी का लंबा अनुभव रहा है।

### जजपा ने पार्टी के यूएलबी सेल का विस्तार

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी ने अपने संगठन की पुनर्गठन प्रक्रिया के तहत 60 पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने विचार-विमर्श के बाद यूएलबी सेल में एक जिला संयोजक और नगर निगमों, नगर परिषदों व नगरपालिकाओं में 59 निकाय अध्यक्षों की नियुक्तियों की सूची जारी की है। जेजेपी ने रेवाड़ी में सचिन ढींगरा को यूएलबी सेल का जिला संयोजक नियुक्त किया हैं।फरीदाबाद में अजय कुमार सिंह, मानेसर में एडवोकेट मेघराज यादव, करनाल में राघव मनुजा व अन्य जिलों में नियुक्तियां की गई।

### सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण नहीं रहेगा

**चंडीगढ़।** अब प्रदेश में सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण नहीं रहेगा, शहरी स्थानीय निकाय विभाग के निदेशक ने हाई कोर्ट में पेश होकर कहा, सरकार ने एक ऐसा तंत्र अपनाने जा रहीं है जिससे सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण से संबंधित मामलों का शीघ्र निपटारा हो सकेगा। सरकार ने हाई कोर्ट में कहा कि मामले की अगली सुनवाई पर हाई कोर्ट में एक स्टेटस रिपोर्ट दायर कर कोर्ट को यह जानकारी दी जाएगी कि कितनी सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण हटाया गया और उसका आम जनता के कल्याण के लिए कैसे प्रयोग होगा। हाई कोर्ट में पूर्व में दी गई जानकारी के अनुसार राज्य में नगरपालिका क्षेत्रों में कुल लगभग 4360 एकड़ भूमि पर अनाधिकृत अतिक्रमण है।

### कांग्रेस के स्थापना दिवस पर फहराया ध्वज

**चंडीगढ़।** कांग्रेस पार्टी के 139वें स्थापना दिवस पर हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय चंडीगढ़ में कांग्रेस विधायक जगबीर मलिक व हरियाणा कांग्रेस के मीडिया इंचार्ज चांदवीर हुड्डा ने पार्टी का झंडा फहराया। और इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाईयां भी खिलाई। विधायक जगबीर मलिक ने बताया कि हम इस पार्टी के झंडे तले संकल्प लेते हैं कि इस देश में नफरत को नहीं पनपने देंगे और सभी धर्म और जातियों को साथ लेकर चलेंगे।

## आप के राष्ट्रीय महामंत्री आज चंडीगढ़ में : तंवर



■ प्रदेश कार्यकारिणी और सभी जिलों के पदाधिकारियों के साथ करेंगे बैठक : तंवर

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) और राज्यसभा सांसद डॉ. संदीप पाठक 29 दिसंबर को चंडीगढ़ में हरियाणा की प्रदेश कार्यकारिणी और सभी जिलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

डॉ. संदीप पाठक बैठक में आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों की तैयारियों लेकर चर्चा करेंगे और प्रदेश में आम आदमी पार्टी की आगामी रणनीति को लेकर चर्चा करेंगे। यह जानकारी आम आदमी पार्टी के चुनाव प्रचार समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अशोक तंवर ने दी। बैठक में आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता, चुनाव प्रचार समिति के अध्यक्ष डॉ. अशोक तंवर, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा व अन्य मौजूद रहेंगे। इसके अलावा बैठक में प्रदेश के सभी पदाधिकारी सचिव, सह सचिव, लोकसभा अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, ब्लॉक प्रभारी और सर्कल इंचार्ज हिस्सा लेंगे।डॉ. अशोक तंवर ने बताया कि 5 नवंबर को राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रोहतक में 11 हजार से ज्यादा पदाधिकारियों को शपथ दिलाई थी। इसके बाद आम आदमी पार्टी ने पूरे हरियाणा में 15 दिसंबर से शुरू हुई आम आदमी पार्टी की 10 दिवसीय प्रदेश स्तरीय बदलाव यात्रा निकाली।

इस दौरान हजारों की संख्या में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान पार्टी ने सरकार की नीतियों की पोल खोलने का मान किया।

## साइबर क्राइम के प्रति 'ताऊ' ने किया जागरूक

**गुरुग्राम/चंडीगढ़।** साइबर सुरक्षा संबंधी जानकारी लोगों के बीच रोमांचक तरीके से पहुंचाने के लिए हरियाणा पुलिस द्वारा गुरुग्राम मे हैकाथोन का आयोजन किया गया। इस साइबर हैकाथॉन में गुरुग्राम सहित आस पास के क्षेत्रों के 47 विद्यालयों के 300 विद्यार्थियों ने भागीदारी सुनिश्चित करते हुए साइबर सुरक्षा के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। हरियाणा पुलिस द्वारा मेसकट साइबर ताऊ भी लांच किया गया जो अपने अनूठे अंदाज में साइबर सुरक्षा संबंधी जानकारी देते हुए नजर आए। यह साइबर हैकाथॉन सेक्टर-49 स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया था। हैकाथॉन में साइबर सुरक्षा पर आधारित चार अलग-अलग तरह के इवेंट आयोजित किए गए थे। इन इवेंट में नाटक प्रतियोगिता, बुजुर्ग लोगों के लिए साइबर अपराध जागरूकता को लेकर एप मेकिंग, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, तथा लाइव प्रॉब्लम के लिए कोडिंग आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी। इन सभी इवेंट का थीम 'साइबर सुरक्षा' रखा था। नाटक प्रतियोगिता में विद्यार्थियों द्वारा साइबर सुरक्षा को लेकर जागरूकता संबंधी आकर्षक प्रस्तुति दी गई। इन प्रस्तुति के माध्यम से लोगों को साइबर सुरक्षा संबंधी बचाव उपाय के बारे में बताया गया। इसी प्रकार , बुजुर्ग लोगों को साइबर सुरक्षा को आसानी से समझाने को लेकर मोबाइल एप मेकिंग प्रतियोगिता भी हुई।



**गुरुग्राम।** बच्चों को जागरूक करता साइबर ताऊ।

## पूर्व मंत्री निर्मल सिंह और चित्रा सरवारा ने आप छोड़ी, कांग्रेस ज्वाइन करेंगे





**अंबाला।** प्रदेश में आम आदमी पार्टी को तगड़ा झटका लगा है। पार्टी के वरिष्ठ नेता निर्मल सिंह और उनकी बेटी व हरियाणा इकाई की प्रदेश उपाध्यक्ष चित्रा सरवारा ने गुरुवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। चित्रा सरवारा के पीए नितिन भाटिया के मुताबिक, दोनों नेता 5 जनवरी को नई दिल्ली में कांग्रेस पार्टी ज्वाइन करेंगे। भाटिया ने दोनों के आम आदमी पार्टी छोड़ने की भी पुष्टि की। कांग्रेस में शामिल होने की सूरत में निर्मल सिंह अगले साल होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव में अंबाला सिटी सीट से पार्टी के उम्मीदवार हो सकते हैं। अभी अंबाला सिटी से भाजपा के असीम गोयल विधायक हैं। इसी तरह चित्रा सरवारा अंबाला कैंट सीट से कांग्रेस की कैंडिडेट हो सकती हैं जहां से भाजपा के बड़े नेता और प्रदेश के गृहमंत्री अनिल विज चुनाव लड़ते हैं। निर्मल सिंह हरियाणा में अंबाला जिले की नग्गल सीट से 4 बार कांग्रेस के विधायक (1982, 1991, 1996 व 2005) रहे। बाद में डिलिमिटेशन में नग्गल सीट खत्म कर दी गई और निर्मल सिंह अंबाला सिटी सीट से चुनाव लड़ने लगे। वह हरियाणा में मंत्री भी रह चुके हैं।

## प्रदेश के लोगों के साथ पोर्टल-पोर्टल खेल रही सरकार : सैलजा



**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस कमेटी पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और उत्तराखंड की प्रभारी सैलजा ने कहा कि सरकार प्रदेश की जनता के साथ पोर्टल-पोर्टल खेल रही है, इस खेल का कोई रेफरी नहीं है जिसके चलते हर व्यक्ति खासकर किसान इसे लेकर परेशान है, क्योंकि सरकार ने किसान को पोर्टल में ऐसा बांध दिया है कि वह थक हारकर बैठ जाता है और उसे उसकी फसलों का समर्थन मूल्य कभी नहीं मिल पाता। सरकार ने गेहूं फसल पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 दिसंबर निर्धारित की है जबकि पोर्टल दम तोड़ चुका है, पंजीकरण करते हुए जवाब आता है एरर, हेल्पलाइन नंबर मिलाओ को पता चलता है कि इस मार्ग की सभी लाइने व्यस्त है।

# अफसरशाही में बदलाव की तैयारी सीएमओ के अफसर कर रहे मंथन

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

### एक ही जिले में टिके अधिकारियों पर नजर

लोकसभा और विधानसभा चुनाव 2024 की मुहिम को लेकर अभी से होमवर्क किया जा रहा है। सीएमओ (मुख्यमंत्री ऑफिस) में तैनात आला-अफसरों द्वारा इस दिशा में होमवर्क किया जा रहा है। जिसके तहत जिलों में तीन साल और इससे ज्यादा वक्त से तैनात अधिकारियों को वैसे, भी चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार हटाना पड़ता है, इस दिशा में आला अफसरों ने पहले ही कामकाज की शुरुआत कर दी है।

नए साल की शुरुआत होते ही सूबे की अफसरशाही में व्यापक बदलाव की तैयारी की जा रही है, जिसके लिए (सीएमओ) मुख्यमंत्री ऑफिस में तैनात अफसरों द्वारा होमवर्क किया जा रहा है। पहले चरण में जहां राज्य मुख्यालय पर तैनात आला अफसरों की छोटी सूची तैयार है, वहीं इसके बाद दूसरी चरण में जिलों में तीन साल और इससे ज्यादा वक्त से तैनात अफसरों को भी बदला जाएगा।

भरोसेमंद उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि लोकसभा 2024 और इसके बाद में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर जहां राज्य के सभी जिलों में मुख्य निर्वाचन अधिकारी के दिशा निर्देशों, शर्तों अनुसार प्रशासनिक फेरबदल अनिवार्य तौर पर करना होगा। जिसमें तीन साल और इससे ज्यादा वक्त से एक ही जिले में तैनात अफसरों को बदला जाएगा। वहीं, इस क्रम में राज्य में आने वाले नए बैच के प्रशासनिक अफसरों को भी तैनाती का तोहफा दिए जाने की संभावना है। इसके बाद राज्य मुख्यालय और प्रधान सचिव, एसीएस (अतिरिक्त मुख्य सचिव) स्तर के अफसरों अन्य की भी सूची आने की संभावनाएं हैं।

सभी की नजरें सीएम आफिस की ओऱ से लगी हुई है, आने वाले वक्त में किस अधिकारी की कहां पर तैनाती होगी। वहीं मुख्यमंत्री मनोहरलाल तीन राज्यों के चुनाव का परिणाम आने के बाद से लगातार लोकसभा 2024 के साथ साथ में विधानसभा चुनाव कराने के लिए पूरी तरह से तैयार होने की बात कह चुके हैं। हालांकि इस बारे में कोई भी अंतिम फैसला भाजपा हाईकमान को करना है। कुल मिलाकर नए साल में लोकसभा चुनावों औऱ विधानसभा चुनावों के मद्देनजर तैयारी अभी से की जा रही है। सत्ताधारी पार्टी ही नहीं बल्कि विपक्ष की ओर से भी तैयारी की जा रही है।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना के तहत स्टॉल स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है:**

क) **स्टॉल:** गाजियाबाद, दिल्ली कैंट, पानीपत और मेरठ कैंट स्टेशन पर।

ख) **ट्राली:** बड़ौत, बल्लभगढ़, परतापुर, फ़रीदाबाद न्यू टाऊन, नांगलोई, साहिबाबाद, नोली, नरेला, तुगलकाबाद, पालम, तिलक ब्रिज, दिल्ली किशन गंज, जाखल, खतौली, खेकड़ा, नरवाना, ओखला, सांपला, बागपत रोड, असावटी, दिल्ली सफदरजंग, जुलाना, मंगोलपुरी, नया गाज़ियाबाद, मुरादनगर, सकौती टांडा, टोहाना, विवेक विहार, दिल्ली आज़ादपुर, दिल्ली सराय रोहिल्ला, शिवाजी ब्रिज, मोदीनगर, शकूरबस्ती, जीन्द, मानसा और गढ़ी हरसरू स्टेशनों पर।

• गाज़ियाबाद और मेरठ कैंट स्टेशन पर स्टॉल स्थापित करने की अवधि प्रति चरण में 90 दिन होगी।

• उपरोक्त (ख) समूह के अंतर्गत दिए गए स्टेशनों पर ट्रॉली स्थापित करने की अवधि 30 दिन होगी।

• रजिस्ट्रेशन शुल्क 2000 रु. की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा और NSG 4 (बडौत, बल्लभगढ़, फरीदाबाद न्यू टाऊन, साहिबाबाद, नोली, नरेला, तुगलकाबाद, मोदीनगर और शकूरबस्ती), NSG 5 (मुरादनगर, खतौली, ओखला, असावटी, दिल्ली सफदरजंग, मंगोलपुरी, नांगलोई, तिलक ब्रिज, दिल्ली किशन गंज, जाखल, खेकड़ा, नरवाना, सांपला, जुलाना, टोहाना, शिवाजी ब्रिज, जीन्द, मानसा, गढ़ी हरसरू और विवेक विहार) & NSG 6 (परतापुर, नया ग़ाज़ियाबाद, दिल्ली आजादपुर और सकौती टांडा) स्टेशनों के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 1000 रु की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा।

• प्रतिभागी के लिए पात्रता मानदंड निम्नलिखित हैं:–

क) विकास आयुक्त हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हथकरघा, या अपेक्षित राज्य/केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगरों/बुनकर आईडी कार्ड धारक।

ख) भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड) /राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी)/खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी)/गैर सरकारी संगठन और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर सूक्ष्म उद्यमों के साथ पंजीकृत और सामाजिक संगठनों, राज्य सरकार के साथ निकायों आदि के साथ नामांकित /पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार।

ग) पीएमईजीपी (प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह।

घ) समाज के हाशिए पर या कमजोर वर्ग।

ड.) किसी भी अलग प्रतीक चिन्ह की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।

• आवेदक को स्टेशन अधीक्षक को एक वचन पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें यह संकेत दिया जाएगा कि ट्रेन संचालन, यात्री सुरक्षा और रेलवे की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के लिए कोई गतिविधि नहीं की जाएगी।

• आवेदक द्वारा का आवेदन इस अधिसूचना के जारी होने के बाद 02.01.2024, 15:00 बजे तक स्टेशन अधीक्षक को संबोधित व जमा किया जा सकता है व उसी दिन खोला जाएगा।

• सभी अनुमोदित प्रतिभागियों का प्राथमिकता रोस्टर बनाने के लिए एसएस और स्टेशन प्रबंधक/अनुभागीय सीएमआई और नामांकित वित्त प्रतिनिधि द्वारा सभी अनुमोदित आवेदकों की उपस्थिति में स्टेशन पर आयोजित ड्रा के माध्यम से प्राथमिकता निर्धारित की जाएगी।

• 'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना रेलवे बोर्ड वाणिज्यिक परिपत्र संख्या: 12/2022 एवं 09/2023 के तहत/अधीन मान्य होगी, उपरोक्त परिपत्र वेबसाइट: www.indianrailways.gov.in & URL: https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2022/OSOP%20Policy.pdf और https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2023/CC%20%2009%20of%202023 पर उपलब्ध है।

• इस से सम्बंधित किसी भी जानकारी के लिए आवेदक संबंधित स्टेशनों के स्टेशन अधीक्षक या सीएमआई से संपर्क कर सकता है। 4067/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी रोहतक | जिला रोहतक महम विधानसभा क्षेत्र में निदाना से बहुअकबरपुर तक (रोड आईडी 1841) सड़क की विशेष मरम्मत + 5 कार्य। | बंद होने की तिथि 09.01.2024 | 3.41 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 01262-270274 eerohtak.hsamb@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/23760/I/88/6 दि. 28.12.23



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रुपए में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद नारनौल | नारनौल में इन्द्रा कॉलोनी, माली टिब्बा में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण। | 23.12.2023 25.01.2024 | 184.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466427222 eemcnarnaul@gmail.com |
| 2 | नगर परिषद नारनौल | एम.सी. नारनौल में वार्ड नं. 10, गली नं. 2 में आईपीबी टाइल्स सड़क का निर्माण + 6 कार्य। | 27.12.2023 11.01.2024 | 24.05 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466427222 eemcnarnaul@gmail.com |
| 3 | नगर परिषद नारनौल | एम.सी. नारनौल में वार्ड नं. 7 में राजकीय विद्यालय से ज्ञान चंद के प्लॉट तक आईपीबी गली का निर्माण + 10 कार्य। | 23.12.2023 05.01.2024 | 25.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466427222 eemcnarnaul@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/60/23776/I/88/6 दि. 28.12.23



**हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग**
**बेज नं. 67-70, सेक्टर-2, पंचकूला-134151 (www.hssc.gov.in)**

**माध्यमिक शिक्षा विभाग हरियाणा के विज्ञा. सं. 04/2015, श्रेणी सं. 16 के तहत पीजीटी संस्कृत (आरओएच) के पद हेतु परिशिष्ट**

एसएलपी (सिविल) सं. 3263 ऑफ 2023 शीर्षक तरसेम शर्मा एवं अन्य बनाम हरियाणा सरकार एवं अन्य में पारित आदेश दिनांक 15.12.2023 के अनुपालन में, यह सभी सम्बन्धित उम्मीदवारों की सूचना हेतु है कि आयोग ने उन उम्मीदवारों को जिनके अनुक्रमांक नीचे दिये गये हैं, साक्षात्कार / मौखिक परीक्षा हेतु दिनांक 02.01.2024 को 10.00 बजे आयोग के कार्यालय अर्थात बेज नं. 67-70, सेक्टर-2, पंचकूला, हरियाणा में विज्ञा. सं. 4/2015 श्रेणी सं. 16 के तहत पीजीटी संस्कृत (आरओएच) के पद हेतु बुलाने का निर्णय लिया है।

उम्मीदवारों को सभी मूल दस्तावेज के साथ सभी दस्तावेजों की सत्यापित प्रतियों का एक सैट और आवेदन प्रपत्र की डाउनलोडेड स्व-सत्यापित प्रति, दो अद्यतन फोटो और एक आईडी साक्ष्य लाने का भी निर्देश दिया जाता है। यदि कोई उम्मीदवार साक्षात्कार/मौखिक परीक्षा हेतु दिनांक 02.01.2024 को उपस्थित नहीं होता तो उसे इसके पश्चात कोई अवसर नहीं दिया जाएगा। 02.01.2024 को साक्षात्कार हेतु उम्मीदवारों के अनुक्रमांक निम्नानुसार हैं :-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 41600026 | 41600075 | 41600087 | 41600216 | 41600528 | 41600542 |
| 41600556 | 41600726 | 41600759 | 41600815 | 41601058 | 41601062 |
| 41601075 | 41601093 | 41601249 | 41601356 | 41601531 | 41601621 |
| 41601707 | 41601819 | 41601967 | 41602081 | 41602257 | 41602305 |
| 41602366 | 41602639 | 41602814 | 41602842 | 41602968 | 41603024 |
| 41603146 | 41603179 | 41603268 | 41603319 | 41603761 | 41603784 |
| 41603800 | 41603826 | 41603863 | 41603875 | 41603986 | 41604007 |
| 41604026 | 41604216 | 41604232 | 41604239 | 41604472 | 41604687 |
| 41604700 | 41605054 | 41605073 | 41605075 | 41605191 | 41605430 |
| 41605605 | | | | | |

1. यद्यपि परिणाम तैयार करने और अपलोड करने में पूर्ण सावधानी बरती गई है, अनजाने में / तकनीकी त्रुटियों की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। आयोग इसे बाद में सुधारने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
2. यह सूचना एचएसएससी की वेबसाइट अर्थात् www.hssc.gov.in पर भी उपलब्ध है।

दिनांक पंचकूला — हस्ता/- सचिव
27 दिसम्बर 2023 — हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग
संवाद विज्ञा. सं.-1159/13/599/2024/23756/88/6 दि. 28.12.23 — पंचकूला

रोहतक

शुक्रवार, 29 दिसंबर 2023

पौष मास कृष्ण पक्ष, तृतीया वर्ष : 27, अंक : 337
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

आमंत्रण मूल्य ₹ 3.00/-

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


मौसम
अधि. 19.0
न्यून. 7.0



03 एल्गार का यलगार, अफ्रीका ने भारत को पारी और 32 रन से दी शिकस्त






# एसवाईएल पर हरियाणा-पंजाब की तीसरी बैठक भी बेनतीजा

## मान बोले, पंजाब का 70 फीसदी क्षेत्र डार्क जोन में, हमारे पास देने के लिए एक बूंद पानी नहीं

## मनोहर लाल बोले, एक मान है कि मानता नहीं एसवाईएल हमारा हक, नहर का निर्माण करे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

सतलुज-यमुना लिंक नहर (एसवाईएल) विवाद पर हरियाणा-पंजाब के सीएम और अधिकारियों के बीच तीसरी बैठक भी बेनतीजा रही। चंडीगढ़ में केंद्रीय जलमंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की मौजूदगी में करीब 1.20 घंटे तक चली बैठक में में दोनों राज्य अपने पुराने स्टैंड पर कायम रहे। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मीटिंग खत्म होने के बाद कहा कि हम अपने पुराने स्टैंड पर कायम हैं। पंजाब का 70 फीसदी हिस्सा डार्क जोन में है। हमारे पास देने के लिए अतिरिक्त पानी नहीं है। वहीं, हम हरियाणा को यमुना से पानी देने का एतराज नहीं करते है। दूसरी तरफ, हरियाणा के सीएम मनोहर लाल ने कहा कि पंजाब के साथ एसवाईएल पर मीटिंग मनोहर माहौल में बात हुई है, लेकिन एक मान है कि मानता नहीं। मौजूदा चैनल 66 साल से भी पुराना हो चुका है। पानी के नेचुरल फ्लों के आर्टिफिशियल चैनल का निर्माण जरूरी है। पंजाब सरकार नहर का निर्माण करवाए। एसवाईएल हमारा अधिकार है इसे हम लेकर रहेंगे।


बैठक में मौजूद हरियाणा-पंजाब के मुख्यमंत्री और बीच में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत।

### हरियाणा से सीख ले पंजाब : शेखावत

शेखावत ने दोनों राज्यों में घटते भूजल स्तर पर चिंता व्यक्त की और इस दिशा में समर्पित प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के लिए हरियाणा सरकार द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि हरियाणा ने सूक्ष्म सिंचाई के मामले में 1000 प्रतिशत बढ़ोतरी दर्ज की है। पंजाब को भी हरियाणा से सीख लेनी चाहिए।

### नहर निर्माण अलग विषय

बैठक के दौरान सीएम मनोहर ने कहा कि एसवाईएल का निर्माण और पानी के बंटवारे का विषय अलग-अलग है, लेकिन पंजाब एसवाईएल निर्माण के विषय पर अटका है, जबकि हमें सामूहिक रूप से इस विषय पर आगे बढ़ना चाहिए।

### काम में लापरवाही, सीएम का एक्शन

# पब्लिक हेल्थ के ईआईसी ईसी को मीटिंग से निकाला

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरुवार को डिलीवरी इंटीग्रेटेड सर्विसेज ऑफ हरियाणा (दिशा) की स्टेट लेवल की बैठक ली। इस दौरान सीएम ने पाइपलाइन डालने के वक्त खराब हुई सड़कों और रोड को ठेकेदारों से बनाने में लापरवाही बरतने पर पब्लिक हेल्थ के ईआईसी आशिम खन्ना और ईसी राजीव बतिश को मीटिंग से बाहर कर दिया। सीएम ने समय पर कार्य पूरा न होने पर दोनों अधिकारियों को 5 दिन की कंप्लसरी लीव पर भेजने के निर्देश जारी कर दिए। इसके साथ ही सीएम ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि आगे से वे सही ढंग से कार्य करें। सीएम ने अधूरे पड़े कार्यों को पूरा करने के लिए पिछली मीटिंग में भी निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये प्रशासनिक सचिवों, जिला उपायुक्तों के साथ राज्य स्तरीय दिशा समिति की बैठक में निर्देश दिए।


**दोनों अधिकारियों को पांच दिन के कंप्लसरी लीव पर भेजा**

### ग्रामीण क्षेत्रों के लिए आवास योजना

मनोहर ने कहा कि गरीब व जरूरतमंदों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने के दृष्टिगत राज्य सरकार ने प्रदेश में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को सिर पर छत उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना बनाई है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसी तर्ज पर ग्रामीण क्षेत्रों में भी गरीबों को आवासीय सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना की रूपरेखा तैयार की जाए।

### बच्चों को मिलेगी बस पास सुविधा

बुनियाद कार्यक्रम के तहत शिक्षा ग्रहण करने के लिए लंबी दूरी तय करके स्कूल जाने के कारण बच्चों को हो रही परेशानी पर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसलिए बुनियाद कार्यक्रम के तहत शिक्षा ग्रहण रहे बच्चे, जो लंबी दूरी तय करके स्कूल में जा रहे हैं, उनके बस पास बनाए जाएं और परिवहन विभाग भी फील्ड अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी कर व्यवस्था सुनिश्चित करें।






## महिंद्रा एंड महिंद्रा पर 56 लाख रुपये का जुर्माना

**नई दिल्ली (भाषा)।** महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) लिमिटेड पर अपने दोपहिया कारोबार के संबंध में जीएसटी से पहले की व्यवस्था में उपलब्ध इनपुट सेवा वितरक क्रेडिट को गलत तरीके से जीएसटी-तंत्र में आगे बढ़ाने के लिए 56 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया गया है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। भाषा

# रोहतक में दुष्कर्म के बाद महिला की हत्या

**नाले में पड़ा मिला अर्धनग्न शव, पास में मिले दो चाकू, गर्दन पर कट के निशान**

**सांपला/रोहतक (हरिभूमि न्यूज)।** कस्बे में बृहस्पतिवार दोपहर बेरी रोड पर नाले में एक महिला का अर्धनग्न शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि महिला से दुष्कर्म के बाद उसकी गला काटकर हत्या कर दी गई है। पुलिस को महिला के शव को चाकू भी मिले हैं। उसके गले पर काटने का निशान है। अभी तक मृतका की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस और एफएसएल की टीमें जांच कर रही हैं।

**4-5 दिन पुराना शव :** सांपला के डीएसपी राकेश ने बताया कि प्राथमिक दृष्टि से लग रहा है कि महिला का दुष्कर्म करके हत्या की गई है। महिला की उम्र करीब 35 वर्ष प्रतीत हो रही है। उसके दाएं हाथ पर रोशन गुदा हुआ है। महिला ने हरे रंग की पजामी व सूट पहना हुआ है। शव की हालत को देखकर लग रहा है कि यह चार-पांच दिन पुराना है। प्रतीत हो रहा है कि किसी ने हत्या करके यहां डाला है।

**हम जांच कर रहे :** सांपला थाना प्रभारी सुवेंद सिंह का कहना है कि अभी मामले की जांच की जा रही है। हत्या की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। महिला की पहचान करने के लिए प्रयास किया जा रहे हैं।

## नए शिखर पर शेयर बाजार, सेंसेक्स 72,000 के पार

**मुंबई।** शेयर बाजारों में लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 372 अंक चढ़कर नए शिखर पर बंद हुआ। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 371.95 अंक यानी 0.52% उछलकर अबतक के उच्चतम स्तर 72,410.38 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 123.95 अंक यानी 0.57% की बढ़त के साथ 21,778.70 अंक पर बंद हुआ। (भाषा)

# ईडी की चार्जशीट में पहली बार प्रियंका गांधी का नाम

**फरीदाबाद में 2006 में एजेंट से पांच एकड़ जमीन खरीदी**

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** ईडी की चार्जशीट में पहली बार कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा का नाम आया है। जांच एजेंसी ने पीएमएलए के तहत प्रियंका नाम चार्जशीट में शामिल किया है। सूत्रों के मुताबिक, प्रियंका ने 2006 में फरीदाबाद में 5 एकड़ खेती की जमीन खरीदी। यह जमीन दिल्ली के रियल एस्टेट एजेंट एचएल पाहवा से खरीदी गई। फरवरी 2010 में मुनाफा लेकर इस जमीन को पाहवा को ही बेच दिया।यह जमीन फरीदाबाद के अमीपुर गांव में खरीदी थी। इसी एजेंट से प्रियंका के पति रॉबर्ट वाड्रा ने भी 2005-2006 में अमीपुर गांव में 40.08 एकड़ जमीन खरीदी और दिसंबर 2010 में उसी एजेंट को बेच दिया।



मुनाफा कमाकर 2010 में उसी एजेंट को जमीन बेच दी
**ईडी ने कहा, 2005-06 के जमीन लेनदेन की जांच चल रही**
अगली सुनवाई 29 जनवरी को होगी

### चार्जशीट में क्यों शामिल

एजेंट पाहवा वही व्यक्ति है, जिसने एनआरआई कारोबारी सीसी थंपी को भी जमीन बेची थी। एक बड़े मामले में भगोड़ा हथियार डीलर संजय भंडारी भी शामिल है। भंडारी 2016 में भारत से ब्रिटेन भाग गया था। थंपी पर ब्रिटिश नागरिक सुमित चड्ढा के साथ मिलकर भंडारी को अपराध की कमाई छिपाने में मदद करने का आरोप है। ईडी ने पहले चार्जशीट में रॉबर्ट वाड्रा का नाम भी शामिल किया था। रॉबर्ट पर थंपी का करीबी होने का आरोप लगाया था। इसलिए अब प्रियंका का नाम भी चार्जशीट में शामिल किया है।

**भारत के लिए एक बड़ी कूटनीतिक जीत, कोर्ट में मौजूद थे भारतीय राजदूत**

# कतर ने पूर्व भारतीय नौसैनिकों की फांसी की सजा को कैद में बदला

**नई दिल्ली (भाषा)।** कतर की एक अदालत ने जासूसी के मामले में भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को सुनाई गई मौत की सजा को कम कर कैद में बदल दिया है। उन्हें पिछले साल अगस्त में गिरफ्तार किया गया था। विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा, हमने 'दहारा ग्लोबल' मामले में कतर की अपीलीय अदालत के फैसले पर गौर किया, जिसमें सजा कम कर दी गई है। कतर की अपीलीय अदालत के इस फैसले को भारत के लिए एक बड़ी कूटनीतिक जीत माना जा रहा है। कुछ हफ्ते पहले ही, दुबई में 'सीओपी28' शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी के साथ मुलाकात की थी। एक दिसंबर को हुई मुलाकात के बाद, मोदी ने कहा था कि उन्होंने कतर में भारतीय समुदाय के कल्याण को लेकर चर्चा की।

- विदेश मंत्रालय ने कहा, अपने नागरिकों की रक्षा करते रहेंगे
- कतर की अपीलीय अदालत ने दी राहत
- मोदी ने हाल ही में की कतर के शेख से मुलाकात

### जासूसी के आरोप में किए गए थे गिरफ्तार

#### अक्टूबर में दी थी मौत की सजा

नौसेना के 8 पूर्व कर्मियों को जासूसी के आरोप में अगस्त 2022 में गिरफ्तार किया था और कतर की एक अदालत ने अक्टूबर में उन्हें मौत की सजा सुनाई थी। सभी भारतीय नागरिक दोहा स्थित 'दहारा ग्लोबल' कंपनी के कर्मचारी थे। उनके खिलाफ आरोपों को कतर के अधिकारियों ने सार्वजनिक नहीं किया था। निजी कंपनी कतर के सशस्त्र बलों और सुरक्षा एजेंसियों को प्रशिक्षण और अन्य सेवाएं प्रदान करती है। भारत ने सजा के खिलाफ कतर में अपीलीय अदालत का दरवाजा खटखटाया था।



#### यह कहा विदेश मंत्रालय ने

विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा, कतर में हमारे राजदूत और अन्य अधिकारी परिवार के सदस्यों के साथ अपीलीय अदालत में मौजूद थे। हम मामले की शुरुआत से उनके साथ खड़े हैं और हम उन्हें सभी कांसुलर और कानूनी सहायता देना जारी रखेंगे। हम इस मामले को कतर के अधिकारियों के समक्ष भी उठाते रहेंगे। विस्तृत फैसले की प्रतीक्षा है और वह अगले कदम के बारे में फैसला करने के लिए कानूनी टीम के साथ-साथ परिवार के सदस्यों के साथ संपर्क में है।






**दिल्ली एयरपोर्ट पर 134 फ्लाइट्स लेट**

# हरियाणा, दिल्ली-एनसीआर में घने कोहरे का रेड अलर्ट

**चंडीगढ़/नई दिल्ली (एजेंसी)।** हरियाणा, दिल्ली-एनसीआर में कोहरे ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लग गया है। भीषण ठंड से हर कोई बेहाल है। वहीं, मौसम विभाग ने हरियाणा, दिल्ली-एनसीआर में घने कोहरे को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। धुंध के कारण रेलवे, सड़क और एयर रूट प्रभावित हुए हैं। दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में विजिबिलिटी 0-50 मीटर तक रह गई है। मौसम विभाग ने मैदानी इलाकों में घने से बहुत घने कोहरे का अनुमान जताया है। अगले 2 दिनों के दौरान देश के अधिकांश हिस्सों में तापमान में कोई बड़ा बदलाव होने की उम्मीद नहीं है।



**हरियाणा बेहाल**

गुरुवार को सुबह हरियाणा के कई इलाकों में धुंध छाई रही। अंबाला में न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री अधिक है। इसके अलावा, हिसार में न्यूनतम तापमान 9.1 , करनाल में 9.4 , रोहतक में 10.2 और सिरसा में 11 डिग्री सेल्सियस रहा। हालांकि, भिवानी में न्यूनतम तापमान 7.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### दिल्ली में ये हाल

28 दिसंबर की सुबह 5:30 बजे सफदरजंग में 50 मीटर और पालम में 25 मीटर विजिबिलिटी दर्ज की गई। दिल्ली एयरपोर्ट पर 134 फ्लाइट्स लेट हो गईं। इसके अलावा 22 ट्रेनें 8 से 10 घंटे की देरी से चल रही हैं।

### यूपी के 32 जिलों में अलर्ट

यूपी के 32 जिलों में फॉग का रेड अलर्ट है। इन शहरों में विजिबिलिटी कहीं जीरो तो कहीं 5-10 मीटर तक पहुंच गई। 5 जिलों में स्कूल बंद कर दिए हैं। वहीं, एमपी के 6 शहरों में ओले गिरने की संभावना है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बीते 2 दिन में यूपी, राजस्थान और पंजाब में कोहरे की वजह से हुए सड़क हादसे में 17 लोगों की जान चली गई और 46 लोग घायल हो गए।




# भिवानी के खेतों से मिले 17 पिस्तौल, एक कार्बाइन, आठ मैगजीन और 53 कारतूस

## आरोपितों ने इंदौर से हथियार लाने की बात कबूली

प्रदेश में अवैध हथियारों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सीआईए स्टाफ-2 ने अवैध हथियार रखने व हथियार सप्लाई करने के नेटवर्क को तोड़ने में बड़ी सफलता हासिल मिली।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

- पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया
- भिवानी पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही

बुधवार रात पुलिस की सीआईए स्टाफ 2 की टीम ने लोहारू के नकीपुर गांव के खेतों में बने एक मकान से अवैध हथियारों का जखीरा बरामद किया। जिसमें 32 व 30 बोर के 17 पिस्तौल, एक कार्बाइन,8 मैगजीन व 53 कारतूस शामिल है। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। तीनों युवकों ने इंदौर से अवैध हथियार लाने की बात कबूली है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सीआईए.2 के निरीक्षक कुमार अपनी टीम के साथ गांव पहाड़ी टी प्वाइंट के समीप मौजूद थे। उनको सूचना मिली कि अपराधी प्रवृति के लोग एमपी से अवैध हथियारों का जखीरा लेकर आए और नकीपुर निवासी एक व्यक्ति के खेतों में छुपा रखे है। पुलिस की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर बताई गई जगह पर छापा मारा तो वहां पर दस पिस्तोल 32 बोर, 7 पिस्तौल 30 बोर मैगजीन सहित, एक कार्बाइन, 53 कारतूस तथा 8 मैगजीन बरामद हुई। मौके पर गांव गांव चहड़कला निवासी सुनील कुमार को पकड़ा। पूछताछ के दौरान सुनील कुमार ने उक्त हथियार गांव सिंघानी निवासी संदीप कुमार उर्फ लाला पुत्र बलवान तथा आशीष उर्फ दिनेश पुत्र मांगेराम द्वारा दिए गए थे।



भिवानी। नकीपुर से बरामद हथियारों के बारे में जानकारी देते पुलिस अधीक्षक।

### तीनों बस से मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में गए थे

पुलिस अधीक्षक डॉ. वरूण सिंगला ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वे बस के जरिए मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में गए थे। वहीं से वे हथियार लेकर आए है। पकड़े गए दो आरोपियों पर लड़ाई झगड़े के मुकदमें दर्ज है। एसपी ने बताया कि अभी इस मामले का खुलासा नहीं हो पाया है कि बरामद किए गए हथियार कहां और किसके इशारे पर भेजना था। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

## मशीन में गर्दन कटने से मजदूर की मौत

**टोहाना।** टोहाना में भूना रोड स्थित एक फैक्ट्री में हुए हादसे में मजदूर की मौत होने का समाचार है। मृतक की पहचान उत्तरप्रदेश के कन्नौज निवासी सुमित के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार सुमित टोहाना में भूना रोड स्थित एक फैक्ट्री में मजदूरी का काम करता था। वह जब मशीन पर काम कर रहा था तो इसी दौरान उसका अचानक ध्यान भंग हो गया और देखते ही देखते उसकी गर्दन मशीन की धार में आ गई। इससे गर्दन पर कट लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि मशीन की चपेट में आने से सुमित की गर्दन की ढोडी के पास का हिस्सा बुरी तरह कट गया और कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई।

**जॉब**

☞ FRAUD कॉल से सावधान RELIANCE JIO 5G कंपनी में पार्ट/फुलटाइम घर बैठे SMS JOB करके लड़के/ लड़कियां,गृहणियां, कमाए (21,500-67,500) महीना लैपटॉप मोबाइल मुफ्त नामपता WHATSAPP करें 6296026501.

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## फर्नीचर के शोरूम व गोदाम में लगी आग, बंधा कुत्ता भी जिंदा जला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

शहर के ईएसआई अस्पताल के नजदीक सिक्का फर्नीचर शोरूम तथा गोदाम में वीरवार दोपहर कंप्रेशर में स्पार्किंग होने के कारण आग लग गई। आग लगने से शोरूम व गोदाम में रखा लाखों रुपये का फर्नीचर जल गया। इसके साथ गोदाम में बंधा कुत्ता भी जलकर मर गया। दमकल विभाग की एक गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार राजिंद्र सिक्का ने बताया कि उसका ईएसआई अस्पताल के पास सिक्का फर्नीचर के नाम से शोरूम है। उसने नीचे शोरूम बनाया हुआ है और पहली मंजिल पर फर्नीचर का गोदाम बनाया हुआ है। वीरवार को गोदाम में कर्मचारी काम कर रहे थे। वहां पर उनका कुत्ता भी बंधा हुआ था।

दोपहर को करीब एक बजे कंप्रेसर में स्पार्किंग होने के कारण अचानक से आग लग गई। जब तक कर्मचारी अपने स्तर पर आग पर काबू पाते तब तक आग पूरी तरह से भभक गई। उसने आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी। दमकल विभाग की एक गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

आग लगने से शोरूम व गोदाम में रखा लाखों रुपये का फर्नीचर जल कर राख हो गया। इस दौरान आग में जलकर उनका कुत्ता भी मर गया।

### सोनीपत में बर्तन बनाने की फैक्टरी में लगी आग, नौ घंटे में पाया काबू

सोनीपत। कुंडली के पास स्थित नाथूपुर औद्योगिक क्षेत्र में स्टील के बर्तन बनाने की फैक्टरी में देर रात आग लग गई। रात को फैक्टरी बंद होने के चलते अंदर कोई कर्मी नहीं था। आग लगी देख सुरक्षा गार्ड ने मैनेजर को अवगत कराया। जिसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। कोहरे के चलते गाड़ियों को पहुंचने में समय लगा। फायर ब्रिगेड की गाड़िया आग पर काबू पाने में लगी है। करीब साढ़े नौ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

## रोडवेज बस से गिरे युवक के ऊपर से गुजरा टायर, मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

- पुलिस ने बस चालक के खिलाफ केस दर्ज किया
- बस में काफी भीड़ होने के कारण वह बस में खड़ा था

गांव बनमंदौरी के पास रोडवेज बस में सवार एक व्यक्ति सड़क पर जा गिरा। सड़क पर गिरते ही बस का टायर उसके सिर के ऊपर से गुजर गया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए फतेहाबाद के सरकारी अस्पताल भेज दिया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव ढुकड़ा निवासी घनश्याम ने कहा है कि उसकी बड़ा भाई 35 वर्षीय बलबीर किसी काम से भट्टू मण्डी गया हुआ था। वह रात तक वापस घर नहीं लौटा। इस पर उन्होंने उसकी काफी तलाश की। उन्हें पता चला कि बलबीर 26 दिसम्बर शाम को भट्टू मण्डी से ढुकड़ा वापस अपने घर के लिए हरियाणा रोडवेज की बस में चढ़ा था। बस में भीड़ होने के कारण बस में खड़ा था।

जैसे ही हरियाणा रोडवेज की बस गांव बनमंदौरी में बस अड्डे से आगे हनुमान मंदिर के पास पहुंची तो बस चालक दलीप सिंह निवासी शेखुपुर दड़ौली ने बस को लापरवाही व तेजगति से चलाते हुए एकदम कट मार दिया। इससे बलबीर सड़क पर जा गिरा और पिछला टायर सिर से गुजर गया।

## स्प्रे चढ़ने से युवा किसान की मौत

**हांसी।** बवानी खेड़ा तहसील के गांव सिवाड़ा में गेहूं की फसल में स्प्रे कर रहे एक युवा किसान की स्प्रे चढ़ने से मौत हो गई। बवानीखेड़ा पुलिस ने हांसी नागरिक अस्पताल पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर मृतक के मामा बलजीत के ब्यान पर इत्तेफाकिया मौत की कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। बलजीत ने कि सिवाड़ा निवासी उसका 32 वर्षीय भानजा सोनू खेती बाड़ी का कार्य करता था और बुधवार सुबह करीब 7 बजे घर से अपने खेत में गेहूं में खरपतवार नाशक दवाई का स्प्रे करने के लिए गया था। जब वह दोपहर तक वापस घर नहीं लौटा तो परिजनों ने खेत पर जाकर देखा, जहां सोनू खेत के अंदर बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ था।

- गेहूं की फसल में स्प्रे करने गया था खेत

## साइबर ठगों ने बुजुर्ग को लगाई दस लाख की चपत

**चरखी दादरी।** साइबर ठगों ने गांव भागेश्वरी निवासी बुजुर्ग से 10 लाख ठगी लिए। साइबर अपराधी ने बुजुर्ग को पोती का पति बताया तथा मोबाइल पर 16 लाख खाते में जमा करवाने का फर्जी मैसेज भेजा। बाद में 10 लाख की ठगी कर ली। साइबर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। गांव भागेश्वरी निवासी कृष्ण ने बताया कि उसके पास 9 दिसंबर को व्हाट्सएप कॉल आई थी, सामने वाले व्यक्ति ने खुद को उसकी पोती का पति बताते हुए कहा कि उसके दोस्त की पत्नी बीमार है तथा उसे रुपयों की जरूरत है। वह खाते में रुपये डाल रहा है । आरोपी ने बुजुर्ग से बैंक डिटेल लेने के बाद मोबाइल पर फर्जी राशि जमा करने का मैसेज भेज दिया। बुजुर्ग ने सही मान लिया। 11 दिसंबर को उसके मोबाइल पर 16 लाख 50 हजार जमा होने का मैसेज मिला। इसके बाद अनजान व्यक्ति का फोन आया तथा खुद को पोती के पति का दोस्त बताकर रुपयों की डिमांड की। आरोपी ने पीड़ित को अकाउंट नंबर दिया, जिसमें 3.50 लाख आरटीजीएस करवा लिया। फिर 12 दिसंबर को उसी खाते 6.50 लाख की आरटीजीएस करवा दी। आरोपी ने दो बार में 10 लाख डलवा लिए। पीड़ित ने जब बैलेंस चेक किया तो रुपये नहीं मिले।

### पोती के पति को फोन किया तो हुआ खुलासा

बुजुर्ग ने आरोपी को फोन किया तो कहा कि वह बैंक जा रहा था, कुछ ही देर में रुपये खाते में आ जाएंगे। पीड़ित ने जब पोती के पति को फोन किया तो पता चला कि उसने डिमांड नहीं की और न उसके किसी की पत्नी बीमार है। इसके बाद पीड़ित को ठगी का पा पता चला। पीड़ित ने दादरी साइबर पुलिस थाने में शिकायत दी गई।

## राशिफल

**मेष** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। परिवार का साथ मिलेगा। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** मन परेशान रहेगा। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि भी हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मिथुन** मन अशान्त हो सकता है। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कुटुम्ब परिवार में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। तरक्की के अवसर भी मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में किसी दूसरे स्थान पर जाना हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। मानसिक शान्ति बनाये रखने के लिए प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्चों में वृद्धि होगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में पदोन्नति के साथ परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में बदलाव भी हो सकता है।

**धनु** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान भी हो सकता है। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**मकर** जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं।

**कुंभ** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी।

**मीन** मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

## छह साल की अवंतिका वर्मा का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड-2023 में दर्ज

**हिसार।** उम्र महज छह साल और दिमाग ऐसा कि बड़े-बड़े दांतों तले अंगुली दबा लें। निकटवर्ती गांव आर्यनगर निवासी अंवतिका वर्मा ने मात्र 44 सेकेंड और 63 मिलि सैकिंड में भारत के 28 राज्यों के नाम और उनके वर्तमान मुख्यमंत्रियों के नाम सिर्फ बांउड्री मेप से बताकर इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड-2023 में अपना नाम दर्ज करवाकर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अवंतिका वर्मा की इस उपलब्धि पर पूरा परिवार गर्व महसूस कर रहा है और चहुं ओर से बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

अवंतिका के पिता प्रदीप कुमार राजस्थान के भिवाड़ी में एक नामी कंपनी में जॉब करते हैं, जबकि उनकी माता नीलम वर्मा हाऊस वाइफ हैं। अंवतिका वर्मा के दादा शंकर लाल वर्मा ने अपनी पौत्री को प्रोत्सहित किया और उसका पेप माइंड ऐकडमी में दाखिला करवाया तथा अवंतिका वर्मा ने किताबों का अध्ययन करके यह कीर्तिमान स्थापित किया।



हिसार। अपने प्रमाण पत्र के साथ नगर आर्यनगर निवासी अवंतिका वर्मा।

## गन्नौर में बाइक सवार बदमाशों ने की फायरिंग

**गन्नौर।** कंपनी में ड्यूटी के बाद घर लौट रहे मोटरसाइकिल सवार युवक पर दो बदमाशों ने फायरिंग कर दी। हमले में गोली युवक की हाथ पर लगी जिससे वह सड़क पर गिर कर घायल हो गया। हमला करने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। घायल को सोनीपत के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया। राजपुर गांव के रमेश चंद राठी ने बताया कि उसका बेटा अनुप राठी बिग बास्केट में कार्यरत है। 27 दिसंबर को उसका बेटा मोटरसाइकिल पर ड्युटी समाप्त करके घर लौट रहा था। जब वह भिगान गांव के बाद शिव गंगा गार्डन के पास पहुंचा तो इसी दौरान बाइक पर सवार हो कर आए दो बदमाशों ने अचानक उसके बेटे अनुप पर जान से मारने की नियत से गोली चला दी। जिससे उसका बेटा बाइक समेत सड़क पर गिर कर बुरी तरह से घायल हो गया। उसके बाद अनुप ने घर पर फोन कर हमले की जानकारी दी।

**बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां (सोनीपत)**
(एनएएसी द्वारा प्रमाणित "बी++" ग्रेड विश्वविद्यालय)

**शुद्धिपत्र**

कुछ प्रशासनिक कारणों के चलते निविदा की अन्तिम तिथि निविदा संदर्भ सं. 150 और निविदा आईडी 2023_HRY_336141_1 वर्ष 2024 हेतु डायरी, वॉल कैलेंडर और टेबल कैलेंडर की प्रिंटिंग के लिए एतद द्वारा 30.12.2023 को अप. 5.00 बजे तक बढ़ा दी गई है और यह 01.01.2024 को खोली जाएंगी। अन्य नियम व शर्तें यथावत रहेंगी।

हस्ता/- सहायक रजिस्ट्रार (पी एंड एस)

संवाद विज्ञा. सं.-1239/11/47/2024/23784/सी/88/6 दि. 28.12.23

**महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक**
(हरियाणा अधिनियम सं. XXV ऑफ 1975 के तहत स्थापित)
एनएएसी द्वारा प्रमाणित 'ए+' ग्रेड विश्वविद्यालय

**प्रवेश सूचना** (विज्ञा. पीआर सं.-27 ऑफ 2023)

विश्वविद्यालय अध्यापन विभागों/संस्थानों/केन्द्रों, एम.डी. विश्वविद्यालय, रोहतक और व्यावसायिक तथा सहायक शिक्षा केन्द्र (एमडीयू-सीपीएएस), गुरुग्राम द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-2024 के लिये प्रस्तावित पीएच.डी कार्यक्रम में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :-

ऑनलाइन पंजीकरण के खुलने की तिथि : 28.12.2023
ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र जमा हेतु अंतिम तिथि : 13.01.2024

कार्यक्रम का नाम, पात्रता, स्वीकृत इनटेक, शुल्क, प्रवेश की प्रक्रिया इत्यादि सम्बन्धी सभी विवरण सहित विवरणिका विश्वविद्यालय वेबसाइट अर्थात www.mdu.ac.in पर उपलब्ध है। अपडेट्स / परिवर्तन, यदि कोई है, एमडीयू वेबसाइट पर अधिसूचित किये जाएंगे।

पीआरडीएच-1235/11/114/2024/23780/सी/88/6 दि. 28.12.23 रजिस्ट्रार

**Ch. Devi Lal Coop. Sugar Mills Ltd., Gohana.**

**Tender Notice**

Contact Numbers: 01263298172
E Mail Id- cdlsmgohana@gmail.com

Online tenders are invited from Manufacturers / Traders/ Authorized Distributors / Experienced (Sugar) Exporters for following items.

1) Purchase & Repairing of VFD's Cards (Make Amtech) 2. Purchase of Pump (Gita Make) 3. Purchase of 750 KVA D.G.Set (CPCB-4 Model) 4. Installation & Commissioning of Rectified Emmission Control Device (RECD) of the mills existing DG Set (Cap 320KVA) 5. Sale of 50000 qtl losse Bagasse. 6. Sale of 25000 qtl Molasses (Production year 2023-24) stored in steel Tanks.

The online tenders can be submitted on Haryana E-procurement website https://etenders.hry.nic.in/. On line (E-Tendering) tenders completed in all respects should be filed / **submitted latest by 03/01/2024 up to 12:30 P.M on this site**. All bidder firms should file / submit both their technical as well as financial bids through online mode on this website. **Tenders will be opened on 12:45 PM of 03/01/2024.** Undersigned reserves the right to cancel / reject any / all tenders without assigning any reason thereof. **The negotiations will be held on 04/01/2024 at 11-00 A.M in BOD meeting.**

Sd/-
Managing Director

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी भिवानी | जिला चरखी दादरी दादरी विधानसभा क्षेत्र में गांव इमलोटा से कन्हेटी तक आईडी (491) सम्पर्क सड़क की विशेष मरम्मत, माननीय सी.एम. घोषणा कोड 26851 दिनांक 08.07.2022 | बंद होने की तिथि 09.01.2024 | 1.05 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 01664-242782 [illegible] |
| 2 | एचएसएएमबी भिवानी | जिला चरखी दादरी चरखी दादरी विधानसभा क्षेत्र में उण-बुंद सड़क से रनकोली वाया बोंद खुर्द सम्पर्क सड़क की विशेष मरम्मत, आईडी 486, माननीय सी.एम. घोषणा कोड 26848 दिनांक 08.07.2022 + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 03.01.2024 | 1.30 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 01664-242782 [illegible] |


अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/23763/I/88/6 दि. 28.12.23

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद गोहाना | एम.सी. गोहाना में मौजूदा स्ट्रीट लाइट का वार्षिक प्रचालन और रखरखाव। | 26.12.2023 15.01.2024 | लागू नहीं | https://etenders.hry.nic.in | 1263252013 eo-gohana@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/23764/I/88/6 दि. 28.12.23

## शब्द पहेली - 5378



**बाएँ से दाए-**
1. जानकारी-4
4. मांसाहार का उलट-4
8. 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9. कायाकल्प-5
10. पिता के छोटे भाई-2
13. कहानी लिखने वाला-5
15. नाम रखना-5
17. बेवक्त, अकाल-5
20. प्रयास, कोशिश-5
23. टोंटी, नलका-2
24. कामदेव, पुष्कर-2,3
25. डर, भय-4
28. शोर-शराबा-4
29. बेवफा, व्यभिचारी-4

**ऊपर से नीचे**
2. बिंदु, बिंदी, शून्य-2
3. गोलाकार-3
4. सम्मिलित होना-3,2
5. घाटा, नुकसान-2
6. मूर्ख, बेवकूफ-4
7. बिना कारण, बेवजह-4
11. राजा की पत्नी-2
12. वहम, संदेह-2
14. दुर्घटना-3
16. खाना बनाने की जगह, किचन-3
17. एकाएक, सहसा-4
18. अलमस्त-2
19. कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20. आरामदायी-5
21. सम्मान-2
22. भलमानसता-4
26. सद्, अच्छा-2
27. मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

**शब्द पहेली -5377 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | अ | ल | ख | | | | मु | स्का | न | |
| ग | न्ना | | रा | त | की | रा | नी | | बी | च |
| ल | | | ब | ल | | ह | म | | | म |
| त | न | खा | | ना | मि | त | | र | ह | न |
| | र | ज | नी | | त्र | | क | स | म | |
| | क | | ड | ल | | दा | म | | व | |
| | गा | फि | ल | | पा | | ला | न | त | |
| स | मी | र | | सु | रा | ही | | म | न | न |
| म | | | म | म | | न | र | | | र |
| य | क्ष | | हा | ति | म | ता | ई | | आ | म |
| | मा | लि | न | | | | स | ई | स | |

## सूडोकु नवताल - 5388

✱✱✱✱☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5387 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

## खबर संक्षेप



### स्टार ओपनर मंधाना पहले वनडे से आउट

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय महिला क्रिकेट टीम वनडे सीरीज का पहला मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेली। इस मैच में टॉस के समय टीम इंडिया के लिए एक बुरी खबर सामने आई। टीम की स्टार ओपनर बल्लेबाज स्मृति मंधाना तबियत ठीक न होने के चलते पहले वनडे की प्लेइंग-11 में शामिल नहीं हो सकीं। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस के समय इस बात की जानकारी दी कि तबियत ठीक न होने की वजह से स्मृति मंधाना इस मैच में नहीं खेल रही हैं।


### हैदराबाद में फॉर्मूला ई रेस को लेकर चिंता



**नई दिल्ली।** फॉर्मूला ई ने हैदराबाद में दस फरवरी को होने वाली रेस को लेकर ताजा चिंता जताते हुए कहा है कि तेलंगाना में नई सरकार से मिली ताजा सूचना के बाद इसका आयोजन मुश्किल लग रहा है। देश में पहली इलेक्ट्रिक रेस इस साल फरवरी में हुई और तत्कालीन आई टी मंत्री केटी रामाराव की इसके आयोजन में अहम भूमिका रही। केटीआर की बीआरएस पार्टी हालांकि दिसंबर में चुनाव हार गई और अब वहां कांग्रेस की सरकार है।

### इंदौर में सबसे सस्ता टिकट 743 रुपए का

**इंदौर।** इंदौर में भारत और अफगानिस्तान के बीच आगामी 14 जनवरी को खेले जाने वाले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच के निचले ईस्ट स्टैंड के सबसे सस्ते टिकट के लिए



दर्शकों को 743 रुपए खर्च करने होंगे, जबकि पहली मंजिल स्थित साउथ पवेलियन के सबसे महंगे टिकट के लिए 5,947 रुपए देने होंगे। मध्यप्रदेश क्रिकेट संगठन के एक अधिकारी ने टिकट दरों की घोषणा के बाद गुरुवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि भारत-अफगानिस्तान टी-20 मैच के टिकटों की ऑनलाइन बिक्री 30 दिसंबर को सुबह छह बजे से शुरू होगी।

### क्रिकेट छोड़ राजनीति की पिच पर उतरे रायुडू



**नई दिल्ली।** भारत के लिए कॅरियर में 61 मैच खेलने वाले क्रिकेटर अंबाती रायडू राजनीति की पिच पर उतर गए हैं। वह गुरुवार को आंध्र प्रदेश की सत्तारुढ़ वाईएसआरसीपी पार्टी में शामिल हो गए। उन्होंने आंध्र प्रदेश के सीएम वाईएस जगनमोहन रेड्डी की मौजूदगी में पार्टी जॉइन की। वह विजयवाड़ा में मुख्यमंत्री आवास पहुंचे थे और बाद में उनके फोटो-वीडियो सामने आए जिसमें वह पार्टी का पटका पहने हुए थे।

### थर्ड अंपायर के लिफ्ट में फंसने से रोका गया मैच

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा टेस्ट मुकाबला खेला जा रहा है। ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच मेलबर्न में खेले जा रहे इस टेस्ट मैच के दौरान एक अजीब घटना घट गई। इस टेस्ट मैच के तीसरे दिन गुरुवार को लंच के बाद का खेल कुछ देर के लिए रोका गया। थर्ड अंपायर के लिफ्ट में फंसने की वजह से इस मैच को कुछ देर के लिए रोका गया। सोशल मीडिया पर जैसे ही इस घटना का वीडियो वायरल हुआ तो फैंस अपने रिएक्शंस देने से खुद को नहीं रोक पाए थे।

# ईपीएल : सिटी ने एवर्टन को हराया, वोल्व्स-चेल्सी और यूनाइटेड को भी मिली जीत

एजेंसी ▶▶| लंदन

इंग्लैंड की फुटबॉल लीग प्रीमियर लीग का रोमांच फैंस के सिर चढ़कर बोल रहा है। बुधवार रात को कई बेहतरीन मैच खेले गए। इनमें मैनचेस्टर सिटी, वोल्व्स, चेल्सी और मैनचेस्टर यूनाइटेड ने जीत दर्ज की।

ब्रेंटफोर्ड के डिफेंडर के बेहद खराब प्रदर्शन के बीच तीन मिनट और तीन सेकेंड में तीन गोल की मदद से वोल्व्स ने प्रीमियर लीग में रिकॉर्ड जीत दर्ज की, जबकि चेल्सी ने पेनल्टी मिलने के बाद अहम जीत दर्ज की। मैनचेस्टर सिटी ने विवादास्पद पेनल्टी के बाद एवर्टन को हरा दिया।

### चेल्सी ने 'वार' ड्रामा के बाद जीता मैच

चेल्सी और क्रिस्टल पैलेस के बीच खेले गए मुकाबले में जमकर ड्रामा देखने को मिला। वीडियो एसिस्टेंट रेफरी के एक फैसले की वजह से चेल्सी के फैंस गुस्सा गए थे, लेकिन उसके कुछ मिनट बाद ही मिले पेनल्टी पर गोल ने फैंस को चीयर करने का मौका दे दिया। नोनी मदुएके ने 89वें मिनट में पेनल्टी पर गोल कर चेल्सी को 2-1 से जीत दिलाई। इस जीत की बदौलत मॉरिशियो पोचेटिनो की चेल्सी के लिए 2023 के अंत में सकारात्मक नतीजे आए। इससे पहले मिखायलो मुद्रिक ने 13वें मिनट में गोल कर चेल्सी को 1-0 से आगे कर दिया था। इसके बाद क्रिस्टल पैलेस की ओर से माइकल ओलिसे ने 45+1वें मिनट में गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया।



### फुस्स हुए ब्रेंटफोर्ड के डिफेंडर्स

वोल्व्स ने ब्रेंटफोर्ड पर 4-1 की एकतरफा जीत हासिल की। वोल्व्स के लिए गोल का खाता 13वें मिनट में ही खुल गया, जब मारियो लेमिना ने बेहतरीन गोल दागा। इसके 12 सेकंड बाद ही ह्वांग ही चान ने गोल दाग स्कोर 2-0 कर दिया। ब्रेंटफोर्ड ने वापसी की कोशिश की और 16वें मिनट में योएन विसा ने गोल किया। हालांकि, इसके बाद ब्रेंटफोर्ड के डिफेंडर्स का खराब खेल शुरू हुआ, जिसे वह जल्द से जल्द भूलना चाहेंगे। 28वें मिनट में ह्वांग ने एक और गोल दागा। वहीं, 79वें मिनट में जीनरिसनर बेलेगार्डे ने गोल दाग अपनी टीम को 4-1 से जीत दिलाई।

### यूनाइटेड की विला पर नाटकीय जीत

मैनचेस्टर यूनाइटेड ने एस्टन विला पर 3-2 से नाटकीय जीत दर्ज की। 26 मिनट में ही यूनाइटेड दो गोल से पिछड़ गया। इस प्रदर्शन पर मैनेजर एरिक टेन हैग की टीम की उसके समर्थकों ने ही हूटिंग शुरू कर दी, लेकिन दूसरे हाफ में यूनाइटेड ने अपने खेल से समर्थकों को जश्न मनाने पर मजबूर कर दिया। जॉन मैक्गिन ने 21वें और लिएंडर डेंडोंकर ने 26वें मिनट में गोल कर विला को 2-0 से आगे कर दिया। दूसरे हाफ में यूनाइटेड एकदम से बदली टीम नजर आई। 59वें मिनट अलजांद्रो गरनाचो ने गोल किया। 71वें मिनट में उन्होंने एक और गोलकर 2-2 की बराबरी दिला दी। मैच समाप्ति से आठ मिनट पहले रासमुस हाजलुंद ने गोलकर यूनाइटेड को 3-2 से बढ़त दिला दी।

### सिटी ने एवर्टन को 3-1 से हराया

मैनचेस्टर सिटी की टीम को जीत दर्ज करने के लिए काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। उन्होंने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए एवर्टन को 3-1 से शिकस्त दी। पेप गार्डियोला की टीम को 29वें मिनट में झटका लगा, जब एवर्टन के जैक हैरिसन ने 29वें मिनट में गोल दागा। हाफ टाइम तक एवर्टन की टीम 1-0 से आगे चल रही थी। दूसरे हाफ में सिटी के फिल फोडेन ने गोल दाग स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद 64वें मिनट में मैनचेस्टर सिटी को पेनल्टी मिला और उस पर जूलियन अल्वारेज ने गोल दाग स्कोर 2-1 कर दिया। मैच के आखिरी कुछ मिनट में सिल्वा ने गोल दाग अपनी टीम को 3-1 से जीत दिलाई।

### टेस्ट : दूसरी पारी में 131 रन ही बना सकी टीम इंडिया


# एल्गर का यलगार, अफ्रीका ने भारत को पारी और 32 रन से दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| सेंचुरियन

भारतीय टीम को बॉक्सिंग डे टेस्ट में करारी हार का सामना करना पड़ा। पहली पारी में भारत 245 रन और दूसरी पारी में 131 रन सिमट गई। दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 408 रन बनाए थे। इस तरह उसे पारी और 32 रन से जीत मिली।

एल्गर का संघर्ष देखकर हर कोई यह मान रहा था कि साउथ अफ्रीका को भी मुश्किल होगी, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। अपनी रिटायरमेंट सीरीज खेल रहे दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी सलामी बल्लेबाज डीन एल्गर ने बल्ले से यलगार मचाया। उन्होंने भारतीय गेंदबाजों की जमकर खबर ली और बेजोड़ शतक जड़ा। 36 साल के एल्गर ने कमाल की बैटिंग की है और 185 रन बनाकर आउट हुए। एल्गर ने साबित किया वह टेस्ट कॅरियर की आखिरी सीरीज जरूर खेल रहे हैं, लेकिन उनके अंदर क्रिकेट अभी काफी बाकी है।

संेचुरियन ताबड़तोड़ शतक के बाद बाएं हाथ के बल्लेबाज ने कहा कि वह इस श्रृंखला में बड़े आत्मविश्वास के साथ आए हैं, जिससे उन्हें और मदद मिली है। केएल राहुल के शतक के बाद एल्गर ने भारत के गन-गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ मजबूती से खड़े होकर मैदान के चारों ओर शॉट्स लगाए।




### जीत की ओर बढ़ी अफ्रीकी टीम

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत पहले क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन दूसरी पारी में समाचार लिखे जाने तक सात विकेट पर 105 रन बनाकर संघर्ष कर रहा था। पहली पारी के आधार पर 163 रन की बढ़त बनाने वाले दक्षिण अफ्रीका से भारत अब 53 रन पीछे है और उसे पारी की हार सता रही है। विराट कोहली 60 और जसप्रीत बुमराह शून्य रन बनाकर खेल रहे थे। भारत ने दूसरी पारी में कप्तान रोहित शर्मा (00), यशस्वी जायसवाल (05) और शुभमन गिल (26) के विकेट गंवा दिए।

### कागिसो रबाडा ने भारत के खिलाफ झटका 50वां विकेट



इस टेस्ट मैच में साउथ अफ्रीकी पेसर कागिसो रबाडा ने बड़ी उपलब्धि हासिल की। उन्होंने पहली पारी में अपनी शानदार गेंदबाजी से भारत के बल्लेबाजी क्रम को झकझोर दिया। फिर दूसरी पारी में भी रोहित शर्मा (0) को आउट कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में भारत के खिलाफ 50 विकेट पूरे कर लिए हैं। वह इस मेगा रिकॉर्ड को दर्ज करने वाले 5वें प्रोटियाज गेंदबाज बन गए हैं।

## आस्ट्रेलियाई महिला टीम ने भारत को छह विकेट से हराया

तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बनाई

एजेंसी ▶▶| मुंबई

आस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम ने फोबे लिचफील्ड (78 रन), एलिसे पैरी (75 रन) और तहलिया मैकग्रा (नाबाद 68) के अर्धशतकों की बदौलत गुरुवार को यहां पहले एक दिवसीय मुकाबले में मेजबान भारत को 21 गेंद रहते छह विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त हासिल की। भारतीय टीम ने जेमिमा रोड्रिग्स के 82 रन और पूजा वस्त्राकर के नाबाद 62 रन की मदद से आठ विकेट पर 282 रन का स्कोर खड़ा किया। यह आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत का सर्वोच्च वनडे स्कोर भी था। वनडे में आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत का पिछला सर्वश्रेष्ठ स्कोर चार विकेट पर 281 रन था जो उसने 2017 में डर्बी में बनाया था। आस्ट्रेलिया ने लिचफील्ड (89 गेंद, आठ चौके, एक छक्का) और पैरी (72 गेंद, नौ चौके, दो छक्के) के बीच दूसरे विकेट के लिए 150 गेंद में 148 रन की बेहतरीन शतकीय साझेदारी के बाद मैकग्रा की 11 चौके जड़ित 55 गेंद की पारी से यह लक्ष्य 46.3 ओवर में चार विकेट पर 285 रन बनाकर हासिल किया। उसके लिए बेथ मूनी ने भी 42 रन का योगदान दिया। आस्ट्रेलिया ने अपनी कप्तान एलिसा हीली का विकेट पारी की तीसरी ही गेंद पर गंवा दिया जो खाता भी नहीं खोल सकीं। पहले ओवर में वह रेणुका सिंह की गेंद पर बल्ला छुआकर स्नेह राणा को कैच थमाकर पवेलियन लौट गयीं। पर लिचफील्ड और पैरी ने बिना किसी परेशानी के भारतीय गेंदबाजों का सामना किया।

जेमिमा की पारी बेकार



पैरी ने सबसे पहले 45 गेंद में सात चौके और एक छक्के से अपना अर्धशतक पूरा किया, फिर लिचफील्ड ने 66 गेंद में चार चौके और एक छक्के से 50 रन बनाये। इस साझेदारी को तोड़ने की कोशिश में जुटी भारतीय टीम को सफलता दीप्ति शर्मा ने दिलायी। पैरी ने दीप्ति की गेंद को लांग ऑफ में उठाने का प्रयास किया और पूजा वस्त्राकर को कैच दे बैठी जिससे यह साझेदारी खत्म हुई।

## वॉर्नर ने पूरी की नन्हे फैन की मुराद

**मेलबर्न।** धाकड़ ओपनर डेविड वॉर्नर ने जिस मैदान से अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का आगाज किया था, उसी मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में अपनी आखिरी पारी खेल ली है। वह थोड़ा भावुक थे, जब पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में 6 रन बनाकर पवेलियन लौट रहे थे। जब डेविड वॉर्नर गुरुवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड के ड्रेसिंग



रूम में लौट रहे थे तो स्टेडियम में मौजूद फैंस ने खड़े होकर तालियां बजाते हुए उनका अभिवादन किया। जब वॉर्नर पवेलियन लौट रहे थे तो एक नन्हे फैन ने हाथ में चार्ट ले रखा था, जिस पर लिखा था - इतनी यादों के लिए शुक्रिया डेवी वॉर्नर, 31! क्या मुझे आपके ग्लव्स मिल सकते हैं? वॉर्नर ने ये देखते ही अपने दोनों ग्लव्स फैंस को पकड़ा दिए, जिन्हें पाकर वो दो बच्चे काफी खुश हुए।

## आसियान क्षेत्र के चैंपियन से भिड़ेगा ओडिशा एफसी

एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

इंडियन सुपर लीग टीम ओडिशा एफसी एएफसी कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतर क्षेत्रीय सेमीफाइनल में आसियान क्षेत्र के चैंपियन से भिड़ेगी जिसका नाम अभी तय नहीं है। एएफसी कप का ड्रॉ गुरुवार को डाला गया। ओडिशा एफसी एएफसी कप दक्षिण क्षेत्र का विजेता रहा। उसने इसी महीने ग्रुप डी के अपने अंतिम मैच में बांग्लादेश के बसुंधरा किंग्स को हराया।

आसियान क्षेत्र का चैंपियन बनने की दौड़ में चार टीम हैं जिसमें ऑस्ट्रेलिया का सेंट्रल कोस्ट मरीनर्स एफसी, कंबोडिया का पुहनोम पेन क्राउन एफसी, ऑस्ट्रेलिया का मैकआर्थर एफसी और मलेशिया का सबाह एफसी



शामिल है। आसियान क्षेत्र का फाइनल 22 फरवरी को होगा और इसका विजेता ओडिशा एफसी से अंतर क्षेत्रीय सेमीफाइनल में भिड़ेगा जो दो चरण का मुकाबला होगा। पहला चरण छह या सात मार्च को आसियान क्षेत्र के चैंपियन की मेजबानी में होगा जबकि दूसरा चरण 13 या 14 मार्च को भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में होगा।

### यूनाइटेड कप की तैयारी...



**सिडनी।** जर्मनी की एंजेलिक कर्बर गुरुवार को सिडनी, ऑस्ट्रेलिया में केन रोज़वेल एरेना में 2024 यूनाइटेड कप से पहले कोर्ट पर अभ्यास सत्र के दौरान गेंद को रिटर्न शॉट मारती हुईं।

### पूर्व भारतीय डिफेंडर मजूमदार नहीं रहे

*नई दिल्ली। पूर्व भारतीय डिफेंडर प्रबीर मजूमदार का गुरुवार को संक्षिप्त बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 77 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी और एक बेटा है। मजूमदार उस भारतीय टीम के सदस्य थे जिसने 1974 एशियाई खेलों में हिस्सा लिया था। 1960 और 1970 के दशक के स्टाइलिश डिफेंडर मजूमदार ने घरेलू सर्किट में ईस्ट बंगाल और ईस्टर्न रेलवे का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने संतोष ट्राफी में भी बंगाल का प्रतिनिधित्व किया था। उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा, 'प्रबीर दा अपने समय के सबसे भरोसेमंद और सम्मानित डिफेंडरों में से एक थे। दुख की इस घड़ी में मैं उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं।' मजूमदार ने ईस्ट बंगाल के लिए खेलते हुए कई खिताब जीते, जिनमें कलकत्ता फुटबॉल लीग, आईएफए शील्ड, डूरंड कप, रोवर्स कप, डीसीएम ट्रॉफी, बोरदोलोई ट्रॉफी और कई अन्य खिताब शामिल हैं।*



### नई हेयर स्टाइल को लेकर चर्चा में चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान

# लंबे बाल रखने में खर्च होते हैं 1 घंटे 10 मिनट : धोनी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी इन दिनों अपनी नई हेयर स्टाइल को लेकर चर्चा में हैं। आईपीएल 2024 में महेंद्र सिंह धोनी नए लुक में नजर आएंगे। भारतीय क्रिकेट फैंस को धोनी के लंबे बाल रखना बहुत पसंद है।

बता दें कि महेंद्र सिंह धोनी ने आईपीएल 2024 से पहले एक बार फिर लंबे बाल रखे हैं। धोनी ने साल 2007 में जब टीम इंडिया को टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जिताया था, तो उसके बाद उन्होंने अपने लंबे बालों को कटवा लिया था, लेकिन एक बार फिर महेंद्र सिंह धोनी ने अपने फैंस को बड़ा



तोहफा दिया है और लंबे बाल रखे हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने एक इवेंट के दौरान कहा कि उन्हें नए हेयरस्टाइल को रखने में बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। धोनी का कहना है कि उन्होंने अपने फैंस के लिए लंबे बाल रखे हैं। महेंद्र सिंह धोनी ने अपने लेटेस्ट हेयर स्टाइल पर कमेंट करते हुए कहा, 'ऐसे हेयरस्टाइल को मेंटेन रखना बहुत कठिन हैं, क्योंकि पहले मैं सिर्फ 20 मिनट में तैयार हो जाता था, लेकिन अभी मुझे 1 घंटा और 10 मिनट का समय लगता है। मैं इस हेयर स्टाइल को इसलिए रख रहा हूं कि फैंस को ये पसंद है।'

### बेहद खास कप्तान हैं धोनी

*बता दें कि महेंद्र सिंह धोनी वर्ल्ड क्रिकेट में इकलौते ऐसे कप्तान हैं, जिन्होंने आईसीसी की तीन बड़ी ट्रॉफी पर कब्जा जमाया है। धोनी की कप्तानी में भारत आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप (2007), क्रिकेट वर्ल्ड कप (2011) और आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी (2013) का खिताब जीत चुका है। इसके अलावा भारत 2009 में पहली बार टेस्ट में नंबर एक बना था। महेंद्र सिंह धोनी ने अपनी कप्तानी में चेन्नई सुपर किंग्स को 5 बार आईपीएल का खिताब जिताया है। महेंद्र सिंह धोनी ने भारतीय टीम की कप्तानी साल 2008 में संभाली थी।*

## निलंबन को अदालत में चुनौती देंगे : संजय

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय कुश्ती महासंघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय सिंह ने गुरुवार को कहा कि खेल मंत्रालय ने कुश्ती की राष्ट्रीय संस्था को निलंबित करते समय उचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया और वे सरकार के इस फैसले को अदालत में चुनौती देंगे।

संजय ने हालांकि कहा कि सरकार डब्लूएफआई का पक्ष सुने बिना उनकी स्वायत्त और लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई संस्था को निलंबित नहीं कर सकती। संजय ने कहा, 'हमने लोकतांत्रिक तरीके से डब्लूएफआई के चुनाव जीते। जम्मू कश्मीर उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त प्रधान न्यायाधीश निर्वाचन अधिकारी थे, इसमें भारतीय ओलंपिक संघ और



यूनाईटेड विश्व कुश्ती के भी पर्यवेक्षक थे। चुनावों में 22 राज्य इकाईयों ने हिस्सा लिया था, 47 वोट मिले थे जिसमें से मुझे 40 मिले थे। इसके बावजूद अगर हमें निलंबित कर दिया जाता है तो हम इसे स्वीकार नहीं करेंगे। लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई संस्था को अपना पक्ष रखने का मौका ही नहीं दिया गया जो न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है जबकि भारतीय संविधान के अंतर्गत हर कोई इसका हकदार होता है।'

चिंतन

# कांग्रेस को अपने अतीत से सबक लेने की जरूरत

आज कांग्रेस ने जब अपना 139वां स्थापना दिवस मनाया है, वह अपने इतिहास के सबसे कठिन दौर से गुजर रही है। आजादी के आंदोलन से लेकर स्वतंत्र भारत के निर्माण में सरकार के रूप में योगदान तक कांग्रेस का शानदार अतीत रहा है। कांग्रेस ने राष्ट्र को एक से बढ़कर एक नेता दिए, भारत को एक राष्ट्र के रूप में सिंचित व समृद्ध किया, धर्मनिरपेक्ष भारत की अवधारणा को मजबूत किया, राजनीति में शांति, सहअस्तित्व व समावेशी मूल्यों को स्थापित किया। आज भारत जहां है, जैसा है, विश्व में उसकी जो भी पहचान है, जितनी बड़ी भी आर्थिक व सामरिक शक्ति है, उसमें कांग्रेस के योगदान को कमतर करके नहीं आंका जा सकता है। लेकिन 1885 से अपनी 138 वर्ष की राजनीतिक यात्रा में आज वर्ष 2023 के आखिरी दिनों में कांग्रेस जिस मोड़ पर खड़ी है, दो दशक से पहले तक के किसी भी कांग्रेस नेता ने इसकी कल्पना तक नहीं की होगी। आज की कांग्रेस अपने राजनीतिक अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही है। नीतिगत रूप से, वैचारिक रूप से, नेतृत्व के रूप से व राजनीतिक ताकत के रूप से देखें तो कांग्रेस की कहीं भी दमदार उपस्थिति नहीं है। अभी अभी तीन राज्यों में करारी हार मिली है। पिछले 32 चुनावों से राहुल गांधी की छत्रछाया में कांग्रेस हारती आ रही है। आज कांग्रेस के पास न देशव्यापी संगठन है, न सर्वमान्य राष्ट्रीय नेता है, न उसके पास राष्ट्रीय एजेंडा है, न नीति है, न रीति है, न वह यूपीए को संभाल सकी। कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन जरूर बनाया है, तो वह भी कई वैचारिक व सांगठनिक संकटों से गुजर रहा है। आज की कांग्रेस सबसे अधिक दिग्भ्रमित प्रतीत हो रही है। कांग्रेस इस दुविधा में है कि वह गांधी परिवार के साथ आगे बढ़े या मल्लिकार्जुन ख्ररगे जैसे वफादार के साथ। राहुल गांधी की हरकतों से कांग्रेस की प्रतिष्ठा और धूमिल ही हो रही है। स्थापना दिवस पर कांग्रेस ने नागपुर से रैली की है, जिसमें उसने वैचारिक रूप से राष्ट्रीय स्वयं सेवक को ललकारने की चेष्टा की है। कांग्रेस के अघोषित सर्वेसर्वा राहुल गांधी ने संघ के मुख्यालय नागपुर में रैली कर अपनी पार्टी की वैचारिकता को रखने की कोशिश की है कि कांग्रेस संघ के विचारों के खिलाफ है। शायद कांग्रेस भूल रही है कि एक संगठन के रूप में संघ भारत में वटवृक्ष बन चुका है और भारत, भारतीयता व राष्ट्रवाद का प्रतीक बन चुका है। भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण में संघ के सतत योगदान के लिए राष्ट्र हमेशा उसका कृतज्ञ रहेगा। भारतीय संस्कृति, भारतीय पहचान, भारतीय ज्ञान व भारतीय विरासत के प्रति गर्वबोध कराने में संघ ने हमेशा उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। कांग्रेस संघ की वैचारिक आलोचना कर सकती है, लेकिन उसे याद रखना होगा कि नेहरू से लेकर इंदिरा तक ने संकट के समय संघ के योगदान के महत्व को समझा था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने स्थापना दिवस पर कहा है कि कांग्रेस ने हमेशा ऐसे भारत के निर्माण की दिशा में काम किया है जो संसदीय लोकतंत्र और समानता पर आधारित हो। आज के भारत में लोकतंत्र संविधान के अनुरूप कार्य कर रहा है। कांग्रेस सत्ता में नहीं है तो इसका मतलब यह नहीं कि देश में लोकतंत्र नहीं है, मौलिक अधिकार नहीं है या समानता व स्वतंत्रता के अधिकार नहीं हैं। 21वीं सदी के आकांक्षी भारत में अगर कांग्रेस के नेता राहुल गांधीं जाति जनगणना जैसे दकियानूस मुद्दों की वकालत करते हैं, तो युवाओं का भरोसा कांग्रेस के प्रति कैसे जगेगा? कांग्रेस को अपने खट्टे मीठे अतीत से सबक लेकर पार्टी की खोई प्रतिष्ठा को स्थापित करनी होगी।



राम मंदिर
प्रो. नीलम महाजन सिंह

22 जनवरी को राम मंदिर का भव्य उद्घाटन होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उद्घाटन करेंगे। इसे स्वतंत्र भारत में मील का पत्थर माना जा रहा है, जैसे इतिहास करवट ले रहा हो। लंबे समय तक अयोध्या एक उपेक्षित कस्बे के रूप में ही रहा, जहां राम जन्मभूमि विवादों में रही। आधुनिक शहर की तर्ज पर अयोध्या को विकसित किया जा रहा है। एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, सड़कों और चौक-चौराहों को भव्य बनाने के साथ ही 'राम की पैड़ी' को भी नये तरह से सजाया संवारा गया है। 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर के प्रथम चरण के पूरा होने के साथ ही हिंदू धर्म के भावों को व्यावहारिकता प्राप्त होगी। राम मंदिर के नाम पर देश में राजनीतिक बंटवारा नहीं होना चाहिये। राम सबके हैं।

# स्वतंत्र भारत में मील का पत्थर

अयोध्या अभी चर्चा में है। 22 जनवरी को राम मंदिर का भव्य उद्घाटन होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उद्घाटन करेंगे। इसे स्वतंत्र भारत में मील का पत्थर माना जा रहा है, जैसे इतिहास करवट ले रहा हो। राम जन्मभूमि अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन समारोह को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लाइव प्रसारित किया जाएगा। अयोध्या के इतिहास में, 9 नवंबर 2019 को देश की सुप्रीम कोर्ट ने अयोध्या में राम जन्मभूमि परिसर पर हिन्दुओं के दावे को स्वीकार करते हुए उसे हिन्दूओं के पक्ष को देने वाले फैसले के दूरगामी परिणाम हैं। इसीलिए चार साल बाद जब अयोध्या में राम जन्म भूमि पर रामलला का भव्य मंदिर आकार ले रहा है तब इसके उद्घाटन में अनेक गणमान्य व्यक्तियों को विश्व भर से आमंत्रित किया जा रहा है। बाबरी मस्जिद विवाद के बाद हुए, राजनीतिक कशमाकश अब इतिहास में लुप्त हो गए हैं। जहां एक और राम रथ यात्रा के दौरान, लाल कृष्ण आडवाणी, राम की तीर कमान लिये हुए, अनेक राज्यों का दौरा कर रहे थे, तो उसी समय नरेंद मोदी, भाजपा जनरल सेक्रेटरी थे, व उन्होंन ही रथयात्रा की पूर्ण तैयारी और संचालन किया था। हालांकि राजीव गांधी सरकार के गृह मंत्री, मरहूम अरुण नेहरू ने मंदिर के ताले खुलवाने का कार्य किया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को कैबिनेट की बैठक में, अन्य निर्णयों के साथ एक महत्वपूर्ण निर्णय; 'अयोध्या तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद' के गठन का किया है। इस 'तीर्थक्षेत्र विकास परिषद' के गठन के साथ न केवल अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण कार्य संपन्न हुआ है, बल्कि पूरे अयोध्या परिक्षेत्र को एक तीर्थक्षेत्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस मौके पर नरेंद मोदी ने कहा, 'अयोध्या नगरी एक नये युग की ओर जा रही है। पूरी दुनिया आज रामनगरी की ओर आकर्षित हो रही है'। ऐसा माना जाता है कि 1525 में राम जन्मभूमि मंदिर को बाबर के सेनापति 'मीर बांकी' ने ध्वस्त करवाया था। बाबरी मस्जिद के तीन गुंबद थे जिसके बाहरी हिस्से में एक चबूतरे में श्रीराम के बाल स्वरूप की पूजा होती थी। इसे 'राम चबूतरा' कहते थे। 1949 में बाबरी मस्जिद के मुख्य गुंबद के ठीक नीचे, वही मूर्ति निकली जो सदियों से राम चबूतरे पर विराजमान थी। यह कहना उचित होगा कि जहाँ एक ओर, मुस्लिम समुदाय हज करने, पवित्र स्थान मक्का मदिना जाते हैं, ईसाई समुदाय के लिए, रोम में वैटिकन सिटी है, सिख समुदाय के लिए, अमृतसर का स्वर्ण मंदिर है, उसी प्रकार हिन्दुओं के लिए, राम भगवान का अयोध्या में राम मंदिर, महत्वपूर्ण तीर्थ स्थान होगा।

यह एक स्वाभाविक प्रक्रिया थी। जहां अटल बिहारी वाजपेयी तो बाबरी मस्जिद ध्वस्त होने पर, निराश और व्याकुल हुए, वहीं दूर से, लाल कृष्ण आडवाणी, उमा भारती, अशोक सिंघल व अनेक कारसेवक खुशी से नाच रहे थे। अब अयोध्या में राम मंदिर के लिए हुए आंदोलन का नेतृत्व करने वाले, बीजेपी नेता लालकृष्ण आडवाणी, 97 वर्ष और मुरली मनोहर जोशी, 91 वर्ष के हो गए हैं। राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए, राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव, चंपत राय ने



मीडिया से कहा, 'दोनों नेता परिवार के बड़े हैं, परन्तु उनकी उम्र को देखते हुए, उनसे समारोह में न आने के लिए कहा गया है, जिसे दोनों ने स्वीकार भी कर लिया है'। क्योंकि राम मंदिर के उद्घाटन को अत्यंत भव्य स्तर पर किया जा रहा है; ये स्वाभाविक भी है कि, आडवाणी व जोशी के स्वास्थ्य के कारण उनकी देखरेख करना प्रशासन के लिए मुश्किल होगा। वे बाद में भी अयोध्या जा सकते हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि जब से अयोध्या में 'रामलला टेंट से बाहर' आये हैं वहां जानेवाले दर्शनार्थियों की संख्या बढ़ी है।

लंबे समय तक अयोध्या एक उपेक्षित कस्बे के रूप में ही रहा, जहां राम जन्मभूमि विवादों में रही। वैसे भी अयोध्या कोई बड़ा शहर नहीं बल्कि फैज़ाबाद का एक कस्बा है। भारत के अन्य तीर्थक्षेत्रों जैसी इसकी महत्ता ज़रूर है, लेकिन आर्थिक रूप से यह एक विपन्न शहर था। अभी पुलिस प्रशासन की भारी मौजूदगी के कारण लोगों का अयोध्या जाना लगभग बंद है। सिर्फ आसपास के स्थानीय लोग ही हनुमानगढ़ी जाते हैं। जहां तीर्थयात्री आयें तो वहां संपन्नता आयेगी ! 2017 तक कमोबेश यही स्थिति बनी रही। उत्तर प्रदेश में भाजपा की प्रचंड जीत के बाद कुछ हुआ या न हुआ, मगर एक नगर के रूप में अयोध्या का वनवास खत्म हो गया। योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बने, जिनके दादागुरु महंत दिग्विजय नाथ ने ही 1949 में बाबरी मस्जिद के भीतर रामलला विराजमान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। अयोध्या का राम जन्मभूमि मंदिर मात्र राजनीतिक या धार्मिक आस्था का ही विषय नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई में प्रदेश सरकार की ओर से हर प्रकार की मांग को पूरा किया गया है; बल्कि अयोध्या के विकास पर भी ध्यान दिया जा रहा है। अयोध्या में दीपावली से एक दिन पहले 'भव्य दीपोत्सव' की शुरुआत अयोध्या का प्रमुख आकर्षण बन गया है। घरेलू हों या वैश्विक पर्यटक, अब बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश आते हैं। इसका कारण यहां के धार्मिक स्थल हैं जिसमें काशी, प्रयाग, मथुरा व वृन्दावन आनेवाले पर्यटक हैं। इसके अलावा आगरा का ताजमहल भी पर्यटकों के आकर्षण का प्रमुख केन्द्र है। अब 'राम की पैड़ी' व उन मंदिरों का रंग रोगन कराया गया जिन पर दशकों से बदरंग होने की उदासी छायी हुई थी। कोरिया की महारानी, 'किम जुंग शुक' भी बतौर अतिथि यहां आ चुकी हैं, जिनके बारे में कहा जाता है कि उस राजघराने की पहली महारानी अयोध्या की राजकुमारी थीं। इस समय अयोध्या में 3,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं पर काम चल रहा है। अयोध्या कैण्ट (पूर्व फैज़ाबाद) से लता मंगेशकर चौक तक के रामपथ की साज-सज्जा की जा रही है। इसके बाद भक्ति पथ और राम जन्मभूमि पथ को भी न सिर्फ चौड़ा किया गया है बल्कि उन्हें आधुनिक शहर की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, सड़कों और चौक-चौराहों को भव्य बनाने के साथ ही 'राम की पैड़ी' को भी नये तरह से सजाया संवारा गया है। आसपास की 8 झीलों का सुन्दरीकरण, चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग का सुन्दरीकरण, सूर्यकुण्ड के सूर्य मंदिर का विकास, गुप्तार घाट के सौंदर्यकरण के साथ ही, अयोध्या के सभी मंदिरों के आसपास यात्री सुविधाओं का विकास शामिल है। नव्य अयोध्या, मंदिर स्थापत्य संग्रहालय, पंच सितारा होटल आदि का विकास, लंबी अवधि में होगा। 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर के प्रथम चरण के पूरा होने के साथ ही हिंदू धर्म के भावों को व्यावहारिकता प्राप्त होगी। राम मंदिर के नाम पर राजनीतिक बंटवारा नहीं होना चाहिये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य नायक हैं। इतिहासकार राम मंदिर के उद्घाटन को 'एक नए युग का आरंभ' मान रहें हैं। यह सभी के लिए अभिमान हैं।

(लेखक वरिष्ठ टीवी पत्रकार, राजनैतिक समीक्षक, सॉलिसिटर फॉर ह्यूमन राइट्स संरक्षण व परोपकारक, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।



नव वर्ष
उमेश चतुर्वेदी

# सोशल मीडिया संसार में बेहतरी की उम्मीद

वर्ष 2010-11 में दुनिया ने दो क्रांतियां देखीं..पहली रही अरब स्प्रिंग के नाम से विख्यात अपेक्षाकृत रूढ़िवादी इस्लामी देशों में हुआ बदलाव...और दूसरी रही, भारत में सिविल सोसायटी का सफल आंदोलन.. दोनों की बुनियाद में सबसे बड़ा योगदान रहा सोशल मीडिया का.. सार्थक सामाजिक हस्तक्षेप की दिशा में सोशल मीडिया के इस्तेमाल को लेकर उम्मीदों के पहाड़ खड़े हो गए.. मान लिया गया कि दुनिया में गरीबी, अशिक्षा, कुरीति आदि के अंधेरे को खत्म करने में सोशल मीडिया कारगर हथियार होगा सोशल मीडिया पर भरोसा इतना बढ़ा कि उसके जरिए दुनिया में उन अंधेरे कोनों में लोकतंत्र की रोशनी नजर आने लगी, जहां अभी तक लोकतंत्र नहीं पहुंच पाया है। अगर कहीं पहुंचा भी है तो वह पुराने घरों की दीवारों के उपरी कोने में स्थित छोटे रोशनदान की माफिक। सोशल मीडिया से ऐसी उम्मीद बेमानी भी नहीं थी..सोशल मीडिया ने ऐसा किया भी.. लेकिन अब हालात बदल गए है.. उसकी चुनौती बढ़ती जा रही है..सोशल मीडिया का विकास दैत्याकार अंदाज में हो रहा है। सहज-सुलभ तकनीकी विस्तार के चलते उस तक सबकी पहुंच है। इसने सूचनाओं को पहले की तुलना में कहीं ज्यादा लोकतांत्रिक बनाया है। इस विस्तार के साथ ही एक कमी भी नजर आ रही है। इसे कमी नहीं, खतरा कहना ज्यादा उचित होगा..इसे इस्तेमाल करने वाली शख्सियतों की ठोस जवाबदारी ना होने की वजह से यह जहर के माफिक खतरनाक होता जा रहा है।



आने वाले साल 2024 में सोशल मीडिया समाज और सरकार के लिए बड़ी चुनौतियों की वजह बनेगा...उसमें सबसे बड़ी चुनौती है..डीपफेक की समस्या..इसे हाल ही में स्पेन के एक छोटे शहर अल्मेंद्रलेजो में भी महसूस किया गया..जब पता चला कि वहां की दर्जनों स्कूली छात्राओं के नग्न फोटो स्कूली ग्रुप के फोन में प्रसारित हो गए। जांच में पता चला कि ये फोटो एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए 'कपड़ा उतारने वाले ऐप' के जरिए बनाए गए थे। हाल ही में अपने देश में भी दक्षिण भारत की मशहूर अदाकारा रश्मिका मंदाना के अश्लील फोटो डीपफेक तकनीक के जरिए तैयार करके प्रसारित किए गए। पुलिस अभी इसकी जांच कर रही है..लेकिन माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में अगर इस तकनीक के इस्तेमाल के लिए कड़े कानून और ठोस दिशानिर्देश नहीं बनाए गए तो यह समाज के लिए चुनौती बनकर उभरेगा जिसकी वजह से कानून और व्यवस्था की समस्या खड़ी हो सकती है।

सोशल मीडिया के मोर्चे पर दूसरी चुनौती रहेगी उसकी घटती साख। द अटलांटिक में छपे एक लेख के अनुसार, सोशल मीडिया की साख घटेगी। जिसकी वजह से इसके पारंपरिक रूपों मे गिरावट आएगी। सोशल मीडिया का प्लेटफॉर्म एक्स, जिसे अतीत में ट्वीटर नाम से जाना जाता था, में अराजकता और बढ़ेगी। क्योंकि उसका अल्गोरिद्म अराजकता को ही बढ़ावा देता है। इसका असर दूसरे सोशल मीडिया मंचों पर भी दिख रहा है।

चूंकि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों की जरूरत सामाजिकता को बढ़ावा देने की है। लेकिन अब तक उपलब्ध माध्यमों में सामाजिकता सीमित हुई है और अराजकता बढ़ी है। पश्चिमी देशों में हुए शोधों से पता चल रहा है कि अब स्थितियां बदल रही हैं। इसलिए सार्थक संवाद वाले नए प्लेटफॉर्म भी विकसित हो सकते हैं। अराजकता के बाद अब प्रमाणिकता की ओर दुनिया ज्यादा गहरी निगाह लगाए बैठी है। इसलिए अब सोशल मीडिया मंचों पर प्रमाणिक जानकारियों की जरूरत बढ़ेगी। छोटे वीडियो इन दिनों बहुत लोकप्रिय हो रहे हैं। हालांकि उनके विस्तार में अब तक अश्लीलता और अर्धनग्नता को बड़ा कारक माना गया है। अब इसकी ओर रूझान घट रहा है। अब लोग कुछ बेहतर चाह रहे हैं। इसलिए ऐसे वीडियों जो शॉर्ट हों, लेकिन उनके जरिए कुछ सार्थक संदेश मिल रहे हों, आने वाले दिनों में उनकी मांग बढ़ेगी। जानकारों का मानना है कि साल 2024 में सोशल मीडिया पर पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और सामाजिक रूप से जिम्मेदार उपभोक्ताओं में बढ़ोत्तरी दिखेगी। पर्यावरण के प्रति जागरूक और सामाजिक रूप से जिम्मेदार सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं की बढ़त को जानकार प्रमाणिकता की ही बढ़त के रूप में देखते हैं। कह सकते हैं कि कुछ मोर्चे पर सोशल मीडिया अच्छा करेगा तो कुछ मोर्चे पर खराब करेगा। वर्तमान में दुनिया भर में 4.95 अरब लोग सोशल मीडिया का उपयोग कर रहे हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जानिए कैसे चेतना को विस्तृत करता है योग?



संकलित
दर्शन

योग के आठ अंग हैं और उनमें से मात्र एक अंग है शारीरिक मुद्राएं या आसन। योग मात्र व्यायाम नहीं है, इसमें मुख्य बात मन की समरसता को बनाए रखना है। जब आप कोई भी कार्य सजगता से करते हैं, तब आप इस बात के प्रति सजग होते हैं कि आप क्या कह रहे हैं। यही आपको योगी बनाता है। योग के प्रतिपादक पतंजलि ने बताया है कि योग का उद्देश्य दुख को आने से पहले ही दूर कर देना है। लालच, क्रोध, जलन, घृणा, निराशा आदि नकारात्मक भावनाओं को योग से मिटाया जा सकता है। जब आप खुश होते हैं, तब आप अपने भीतर एक विस्तार की भावना का अनुभव करते हैं। विफलता या अपमान की स्थिति में लगता है कि हमारे भीतर कुछ सिकुड़ गया है। इस पर ध्यान देना ही योग है, जिसका हमारे खुश हो जाने पर विस्तार होता है और जो हमारे दुखी हो जाने पर सिकुड़ जाता है। मन की इस स्थिति को परिवर्तित करने का रहस्य योग में है। यह आपको स्वतंत्र बनाता है। अपनी ही भावनाओं के द्वारा पीड़ित होने के बजाय आप जिस समय जैसा महसूस करना चाहते हैं, योग उसके लिए आपको शक्ति प्रदान करता है। योग निश्चित रूप से आपको अधिक जिम्मेदार बनाता है, क्योंकि योग से आपके भीतर ऊर्जा एवं उत्साह उत्पन्न होता है। आप तब जिम्मेदारी नहीं लेना चाहते हैं, जब आप थके हुए और तनावग्रस्त होते हैं। यदि आपने अपनी थकान और तनाव को संभाल लिया, तब आप निश्चित रूप से अधिक जिम्मेदारी उठाएंगे और आपके भीतर हल्कापन भी बना रहेगा। *-श्री श्री रविशंकर*

## मृत्यु टाले नहीं टलती



संकलित
प्रेरणा

भगवान विष्णु गरुड़ पर बैठ कर कैलाश पर्वत पर गए। द्वार पर गरुड़ को छोड़ कर खुद शिव से मिलने अंदर चले गए। तब कैलाश की अपूर्व प्राकृतिक शोभा को देख कर गरुड़ मंत्रमुग्ध थे कि तभी उनकी नजर एक खूबसूरत छोटी-सी चिड़िया पर पड़ी। चिड़िया कुछ इतनी सुंदर थी कि गरुड़ के सारे विचार उसकी तरफ आकर्षित होने लगे। उसी समय कैलाश पर यम देव पधारे और अंदर जाने से पहले उन्होंने उस छोटे से पक्षी को आश्चर्य की दृष्टि से देखा। गरुड़ समझ गए उस चिड़िया का अंत निकट है और यमदेव कैलाश से निकलते ही उसे अपने साथ यमलोक ले जाएंगे। गरूड़ को दया आ गई। इतनी छोटी और सुंदर चिड़िया को मरता हुआ नहीं देख सकते थे। उसे अपने पंजों में दबाया और कैलाश से हजारों कोस दूर एक जंगल में एक चट्टान के ऊपर छोड़ दिया, और खुद वापिस कैलाश पर आ गए। आखिर जब यम बाहर आए तो गरुड़ ने पूछ ही लिया कि उन्होंने उस चिड़िया को इतनी आश्चर्य भरी नजर से क्यों देखा था। यम देव बोलेः गरुड़ जब मैंने उस चिड़िया को देखा तो मुझे ज्ञात हुआ कि वो चिड़िया कुछ ही पल बाद यहां से हजारों कोस दूर एक नाग द्वारा खा ली जाएगी। मैं सोच रहा था कि वो इतनी जल्दी इतनी दूर कैसे जाएगी, पर अब जब वो यहां नहीं है तो निश्चित ही वो मर चुकी होगी। गरुड़ समझ गए मृत्यु टाले नहीं टलती चाहे कितनी भी चतुराई की जाए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### साइबर अपराध रोकने के लिए उठाएं सख्त कदम

हाल ही में वित्त मंत्रालय ने सभी छोटे-बड़े प्राइवेट बैंकों को यह सुझाव दिया है कि सभी साइबर सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाएं। इसके लिए सभी बैंकों को 24 गुणा 7 हेल्पलाइन अपने उपभोक्ताओं को उपलब्ध करवानी चाहिए और सभी फोन नंबर जो हेल्पलाइन के लिए उपलब्ध करवाए जाएं, वो भी हर वक्त दुरुस्त रहें और फ्री रहें। एसबीआई क्रेडिट कार्ड ने अपना हेल्पलाइन नंबर मुफ्त सुविधा से वंचित रखा है। यहां कॉल करने के लिए एक मिनट के लिए लगभग 2 रुपए पड़ते हैं। हमारा देश डिजिटल लेन-देन की ओर कदम तो बढ़ा चुका है, लेकिन कुछ साइबर चोर इसकी राह में ठगी करके बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। देश में दिन-प्रतिदिन साइबर ठगी की खबरें पढ़ने और सुनने को मिल रही हैं।

*- महेंद्र दीवान, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### प्रभावशाली आवाज



2023 को यादगार बनाते हैं। इस वर्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत में प्रभावशाली जी20 का नेतृत्व किया और एक ऐसे भविष्य के लिए मंच तैयार किया जहां भारत वैश्विक दक्षिण की प्रभावशाली आवाज के रूप में उभरेगा।

**-स्मृति ईरानी, केंद्रीय मंत्री**

### युवाओं की पीड़ा



अस्थायी भर्ती के लिए लाई गई अग्निवीर योजना की आड़ में सेना एवं एयरफोर्स की 'स्थायी भर्ती प्रक्रिया' को रद्द कर सरकार ने युवाओं की मेहनत पर पानी फेर दिया। इन छात्रों की पीड़ा शायद मुख्यधारा में जगह न बना सके।

**-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

### राम सेतु की प्राण प्रतिष्ठा



मेरे पिछले ट्वीट के लाखों रीट्वीट में से कई लोगों ने मुझसे भगवान श्री राम द्वारा राम सेतु प्राण प्रतिष्ठा पूजा करने का उल्लेख करने के लिए कहा है। यह कितने लोग जानते हैं?

**-सुब्रमण्यम स्वामी, भाजपा नेता**

### बहुत शानदार, लाजवाब



अभिनव बिन्द्रा शूटिंग रेंज हॉल में यह मुझे प्रेरित करने के लिए पर्याप्त था जब मैंने अपनी तीसरी कोशिश में बुल्सआई मारा। मुझे ऐसा लग रहा था कि कुछ भी हो सकता है। वहां पूर्वी चंदेला ने मुझे खासकर बहुत प्रभावित किया। वो बहुत शानदार, लाजवाब हैं। जय हो।

**-अनुपम खेर, अभिनेता**

## करंट अफेयर

# भारत-रूस संबंध तेजी से आगे बढ़ रहे हैं : पुतिन

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि दुनिया में 'वर्तमान उथल-पुथल' के बावजूद रूस के भारत और उसके लोगों के साथ संबंध 'लगातार आगे' बढ़ रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि भारत में अगले आम चुनाव के बाद भले 'कोई भी राजनीतिक समीकरण' बने लेकिन दोनों देश अपने पारंपरिक मैत्रीपूर्ण संबंधों को बनाए रखेंगे। पुतिन ने यह टिप्पणी बुधवार को तब की जब विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने क्रेमलिन में उनसे मुलाकात की। पुतिन ने कहा, ''हमें यह जानकर बहुत खुशी हो रही है कि दुनिया में मौजूदा उथल-पुथल के बावजूद, एशिया में हमारे पारंपरिक दोस्तों, भारत और भारतीयों के साथ संबंध लगातार आगे बढ़ रहे हैं।''



यूक्रेन के खिलाफ रूस की सैन्य कार्रवाई के बावजूद भारत और रूस के बीच संबंध मजबूत बने हुए हैं। भारत ने अभी तक यूक्रेन पर रूसी आक्रमण की निंदा नहीं की है और वह कहता रहा है कि संकट को कूटनीति और बातचीत के माध्यम से हल किया जाना चाहिए। पुतिन ने कहा, 'हम प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी के रुख को जानते हैं और हम यूक्रेन की स्थिति, उनकी चिंताओं और जटिल प्रक्रिया के संबंध के बारे में लगातार बातचीत की है।' रूसी राष्ट्रपति ने कहा, मैंने उन्हें इस संघर्ष की स्थिति के बारे में बार-बार सूचित किया है।

## ऑफ बीट

# त्वचा विज्ञान की दृष्टि से टैटू क्या है

तो आप अपनी टैटू वाली त्वचा की देखभाल कैसे करते हैं? यहां आपको सनबर्न, पसीना और रंग फीका पड़ने के बारे में जानने की जरूरत है।



त्वचाविज्ञान की दृष्टि से टैटू क्या है? टैटू की स्याही त्वचा की परत जिसे डर्मिस कहा जाता है, में जमा होती है। इस परत में पसीना और तेल ग्रंथियां, रक्त आपूर्ति, प्रतिरक्षा कोशिकाएं, त्वचा की संरचनाओं का समर्थन करने के लिए कोलेजन और फाइब्रोब्लास्ट होते हैं, जो कोलेजन का उत्पादन करते हैं। फ़ाइब्रोब्लास्ट स्याही के कणों को ग्रहण करते हैं, जैसे कि त्वचा ऊतक में प्रतिरक्षा कोशिकाएं जिन्हें मैक्रोफेज कहा जाता है। स्याही के कण कोलेजन के बंडलों के अंदर भी चिपक जाते हैं। इन तीन तंत्रों के बीच, डर्मिस टैटू स्याही को इतनी अच्छी तरह से पकड़ता है कि उन्हें 5,300 साल पुरानी हिम ममी ओत्ज़ी पर भी देखा जा सकता है। अगर मैं धूप से झुलस गया हूँ तो क्या मैं टैटू बनवा सकता हूँ? नहीं, और कई टैटू बनाने वाले ऐसा नहीं करेंगे। सनबर्न के दौरान, आपकी त्वचा अतिरिक्त प्रतिरक्षा कोशिकाओं और तरल पदार्थ को उन कोशिकाओं को मारने और तोड़ने के लिए सक्रिय करती है जिनमें बहुत अधिक यूवी क्षति होती है। यह प्रदाह टैटू की स्याही के जमाव को प्रभावित कर सकता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## कांग्रेस के 139वें स्थापना दिवस पर रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने की घोषणा

# कांग्रेस केंद्र में सत्ता में आने के बाद जाति आधारित गणना कराएगी

## इंडिया और एनडीए में विचारधारा की लड़ाई



**रैली में भारी भीड़ जुटी**

कांग्रेस ने 'हैं तैयार हम' नामक रैली के जरिये लोकसभा चुनावों के लिए अपने अभियान की शुरुआत की

भाषा ▶▶ नागपुर

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी पार्टी केंद्र की सत्ता में आने के बाद जाति आधारित गणना करायेगी। गांधी ने कांग्रेस के 139वें स्थापना दिवस के मौके पर महाराष्ट्र के नागपुर में एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए दावा किया कि देश में बेरोजगारी पिछले 40 वर्ष में अपने उच्चतम बिंदु पर पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि केंद्र की सत्ता में आने के बाद उनकी पार्टी जाति आधारित गणना करायेगी। कांग्रेस ने 'हैं तैयार हम' नामक रैली के जरिये अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए अपने अभियान की शुरुआत की है।

**कांग्रेस की लड़ाई अंग्रेजों के साथ राजा-महाराजाओं के खिलाफ भी थी**

■

**कन्हैया ने कहा, नागपुर को 'संघ भूमि' नहीं 'दीक्षा भूमि' के नाम से जाना जाएगा**



### पार्टी का उद्देश्य जनकल्याण, जनता की प्रगति : खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बृहस्पतिवार को कहा कि कांग्रेस ने हमेशा ऐसे भारत के निर्माण की दिशा में काम किया है जो संसदीय लोकतंत्र और समानता पर आधारित हो। कांग्रेस का आज 139वां स्थापना दिवस है और पार्टी अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार का प्रारंभ नागपुर में विशाल रैली के साथ कर रही है। खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा," इंडियन नेशनल कांग्रेस का उद्देश्य जन कल्याण और भारत के लोगों की प्रगति है।" उन्होंने कहा कि कांग्रेस का विश्वास ऐसे भारत में है जो संसदीय लोकतंत्र पर आधारित हो, जहां समानता हो और भेदभाव के बिना सभी के लिए अवसर हों और जहां संविधान में दर्ज राजनीतिक, आर्थिक तथा सामाजिक अधिकारों का पालन होता हो।

**कांग्रेस में कोई भी सवाल उठा सकता है**



राहुल ने कहा, "भाजपा के विपरीत, कांग्रेस का एक कनिष्ठ कार्यकर्ता भी पार्टी के शीर्ष नेताओं पर सवाल उठा सकता है और उनसे असहमत हो सकता है।" उन्होंने दावा किया कि कुलपतियों की नियुक्ति योग्यता के आधार पर नहीं बल्कि इसलिए की जाती है क्योंकि वे एक विशेष संगठन से होते हैं। इस कार्यक्रम में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और महाराष्ट्र तथा अन्य राज्यों के कई शीर्ष पार्टी नेताओं ने हिस्सा लिया जबकि पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा रैली में शामिल नहीं हुईं।

### बैठक में भाग लेने के लिए हैदराबाद पहुंचे

## हैदराबाद के भाग्यलक्ष्मी मंदिर में शाह ने की पूजा-अर्चना

भाषा ▶▶ हैदराबाद



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को यहां हैदराबाद की ऐतिहासिक चारमीनार के निकट स्थित भाग्यलक्ष्मी मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान अमित शाह के साथ केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष जी किशन रेड्डी भी मौजूद थे। शाह भाजपा की राज्य स्तरीय बैठक में भाग लेने के लिए हैदराबाद शहर में हैं। बैठक के दौरान शाह भाजपा की तेलंगाना इकाई के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा करेंगे। तेलंगाना में हाल में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों के बाद शाह का यह पहला दौरा है। चुनाव में भाजपा उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी थी। तेलंगाना में कुछ उप-चुनावों और ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम चुनावों में जीत के बाद एक समय भाजपा भारत राष्ट्र समिति के लिए एक प्रमुख चुनौती बनकर उभरी थी। राज्य में 30 नवंबर को हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने आठ सीट पर जीत दर्ज की थी।

### ललन सिंह ने इस्तीफे की खबरों को किया खारिज

पटना। जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने इस्तीफे की खबर को खारिज कर दिया है। दिल्ली में उन्होंने कहा कि जेडीयू एक है। एक रहेगी। वहीं बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने भी ललन सिंह को जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से हटाने की खबरों को गलत बताया। गुरुवार को जब सीएम से यह पूछा गया है कि यह चर्चा है कि आप एनडीए में जा सकते हैं तो इस सवाल को वे टाल गए। दिल्ली के जदयू ऑफिस में राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह के साथ सीएम नीतीश कुमार पहुंचे। करीब आधे घंटे चली बैठक में एकजुटता दिखाने की कोशिश की गई। बैठक में सीएम नीतीश के साथ ललन सिंह, मंत्री संजय झा, राष्ट्रीय प्रवक्ता केसी त्यागी समेत पार्टी के सभी सीनियर पदाधिकारी मौजूद थे। आज हुई बैठक में नीतीश ने पार्टी और गठबंधन को मजबूत करने का संदेश दिया।

## हिमाचल को कांग्रेस सरकार ने महंगाई के बोझ तले दबाया : अनुराग



शिमला। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और खेल एवं युवा मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले स्थित पौंग डैम के आस पास प्रस्तावित इको सेंसेटिव जोन और उससे उत्पन्न होने वाली स्थानीय चिंताओं पर केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव के साथ परिचर्चा की जानकारी देते हुए बताया, मैंने माननीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव जी से मिलकर पौंग डैम के आस पास के इलाकों में इकोसेंसेटिव जोन के प्रस्ताव और उससे जुड़े स्थानीय मुद्दों को उनके समक्ष प्रमुखता से रखा था। हमारे आग्रह पर और स्थानीय लोगों की चिंताओं को ध्यान में रखते हुए पर्यावरण मंत्री ने इस मुद्दे पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की बात की और इसके साथ हीं फिलहाल पौंग डैम के आसपास के इलाकों को इको सेंसेटिव जोन बनाने के प्रस्ताव पर रोक लगा दी है। अनुराग ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार को वादाखिलाफी करने वाला बताते हुए कहा, इन्होंने 2 महीने के अंदर नौकरियों का वादा किया था। आज 1 वर्ष 2 महीने होने को हैं पर नौकरियों का कोई अता पता नहीं। दूसरी ओर नरेंद्र मोदी जी ने 1 वर्ष में 10 लाख सरकारी नौकरियों का वादा किया था और आज 8 लाख से ज्यादा नौकरियां दी जा चुकी हैं। कांग्रेस ने हिमाचल को महंगाई के बोझ तले दबा दिया है।

### अरुणाचल प्रदेश में सेला टनल बनकर तैयार, नए साल में मिलेगा तोहफा

**नई दिल्ली।** नए वर्ष में देशवासी एक बार फिर से ऐतिहासिक क्षण के गवाह बनने जा रहे हैं। बहुप्रतीक्षित और दुनिया की सबसे ऊंचाई पर बन रही सबसे लंबी सुरंग (13000 फीट) का काम लगभग पूरा हो गया है। डबल लेन वाली यह ऑल वेदर टनल अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम कामिंग और तवांग जिले को जोड़ेगा। एलएसी तक पहुंचने वाला यह एकमात्र रास्ता है। माइनस 20 डिग्री के तापमान में रात-दिन इसका काम जारी है। बॉर्डर रोड आर्गेनाजेशन की देखरेख में बन रही यह सुरंग पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक का उदाहरण है। यह सुरक्षा टनल सुरक्षा के अंतरराष्ट्रीय मानकों को ध्यान में रखकर बनी है। इसके बनने से प्रदेश के लोगों की राह आसान होगी।

### उल्फा के हजारों काडर आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में जुड़ेंगे

**नई दिल्ली।** भारत सरकार और उल्फा संगठन के बीच शुक्रवार को गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में शांति समझौते पर हस्ताक्षर होंगे। यह भारत सरकार के पूर्वोत्तर में शांति प्रयास की दिशा में यह एक बहुत बड़ा कदम है। उल्फा कई सालों से उत्तर पूर्व में सशस्त्र सुरक्षा बलों के खिलाफ हिंसात्मक संघर्ष कर रहा था। इस शांति समझौते पर हस्ताक्षर के बाद उल्फा के हजारों काडर आत्मसमर्पण करेंगे और मुख्य धारा में शामिल होंगे। यह समझौता शुक्रवार को नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली में शाह की मौजूदगी में होगा। इस मौके पर भारत सरकार, असम सरकार और यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा) के प्रतिनिधियों के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।

### कैलाश विजयवर्गीय ने दिया भाजपा महासचिव पद से इस्तीफा

**भोपाल।** प्रदेश की मोहन सरकार में केबिनेट मंत्री बने कैलाश विजयवर्गीय ने गुरुवार को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात कर पार्टी के महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया। अपने ट्वीट में इसकी जानकारी देते हुए उन्होंने लिखा कि 'पार्टी के सिद्धांत एक व्यक्ति एक पद' का पालन करते हुए इस्तीफा सौंपा है। कैलाश ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य रहा कि मैंने 9 वर्ष तक पहले अमित शाह और जेपी नड्डा के मार्गदर्शन में संगठन को गढ़ने के लिए प्राण प्रण से कार्य किया। पार्टी सूत्रों का कहना है कि खाली महासचिव पद पर पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान की नियुक्ति की जा सकती है। विजयवर्गीय ने कहा है कि अब पार्टी ने मुझे एक नई भूमिका के लिए भेजा है।

### संजय सिंह के खिलाफ पेशी वारंट जारी



**अहमदाबाद (भाषा)।** यहां की एक मेट्रोपोलिटन अदालत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शैक्षणिक डिग्री के संबंध में की गई टिप्पणी को लेकर मानहानि मामले में जेल में बंद आप नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह के खिलाफ बृहस्पतिवार को पेशी वारंट जारी किया। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट एस जे पांचाल की अदालत ने सिंह के खिलाफ पेशी वारंट तब जारी किया जब उनके वकील ने अदालत को सूचित किया कि उन्हें अपने मुवक्किल से कोई निर्देश नहीं मिला है क्योंकि आप नेता दिल्ली की तिहाड़ जेल में हैं।

### राम मंदिर के उद्घाटन में नहीं बुलाया गया

## राम मंदिर पर राजनीति कर रही है भाजपा : शरद पवार

एजेंसी ▶▶ मुंबई



नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख शरद पवार ने कहा है कि उन्हें 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर के उद्घाटन में नहीं बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा राम मंदिर के नाम पर राजनीति कर रही है। पवार ने कहा कि भाजपा के पास लोगों का समर्थन पाने के लिए कोई ठोस आधार नहीं है, इसलिए ऐसा लग रहा है कि भाजपा राम मंदिर का इस्तेमाल करके लोगों को बांटने की कोशिश कर रही है। ये समझ नहीं आ रहा है कि भाजपा इस मुद्दे को राजनीति के लिए या व्यवसायिक मतलब के लिए इस्तेमाल कर रही है। हालांकि, हम खुश हैं कि मंदिर बन रहा है, जिसके लिए बहुत लोगों ने दान दिया है। राममंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में बंगाल की सीएम ममता बनर्जी शामिल नहीं होंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की ओर से कार्यक्रम में कोई शिरकत नहीं करेगा। हालांकि, टीएमसी की ओर से आधिकारिक तौर इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है।

### उम्रकैद की सजा काट रहे व्यक्ति को दी पैरोल

## जीवन के अधिकार में दोषी का प्रजनन का अधिकार भी शामिल : दिल्ली हाईकोर्ट

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक फैसले में कहा कि दोषी के जीवन के अधिकार में प्रजनन करने का अधिकार भी शामिल है। इसी के साथ अदालत ने 41 वर्षीय हत्या के दोषी और उम्र कैद की सजा काट रहे व्यक्ति को चार सप्ताह का पैरोल दे दिया ताकि वह अपनी 38 वर्षीय पत्नी से चिकित्सा प्रक्रिया के जरिये संतान उत्पत्ति कर सके। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा कि केवल निरुद्ध करने भर से दोषी दोयम दर्जे का नागरिक नहीं हो जाता और मौजूदा मामले में जहां दोषी और उसके जीवनसाथी का 'जैव चक्र' सजा पूरा होने के बाद गर्भधारण करने में बाधा बन जाएगा, ऐसे में बच्चे पैदा करने के मौलिक अधिकार का 'राज्य के हित में त्याग नहीं किया जा सकता।'

### संविधान का अनुच्छेद 21 के मिलता है अधिकार



न्यायमूर्ति शर्मा ने हालिया फैसले में कहा, " दोषी को निरुद्ध करने की वजह से जैविक प्रक्रिया से संतान उत्पत्ति में देरी का अभिप्राय है माता-पिता बनने के मौलिक अधिकार से वंचित करना। इस अदालत की राय में, किसी दिए गए मामले के कुछ तथ्यों और परिस्थितियों में, वर्तमान मामले की तरह, संतान पैदा करने का अधिकार कारावास के बावजूद भी बना रहता है।" अदालत ने कहा, " इस अदालत को यह मानने में कोई हिचकिचाहट नहीं है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार में एक दोषी का बच्चा पैदा करने का अधिकार भी शामिल होगा। उसके (याचिकाकार्ता के) पास जैविक संतान नहीं है और इस उद्देश्य के लिए पैरोल की राहत बढ़ाई जाती है क्योंकि उसे चिकित्सा सहायता की आवश्यकता है और उसकी उम्र के कारण जैविक चक्र कमजोर हो सकता है और संतान उत्पन्न करने की संभावनाएं धूमिल हो सकती हैं।'

#### मौलिक अधिकार पर सुनवाई

अदालत ने स्पष्ट किया कि वह वैवाहिक संबंध और वैवाहिक अधिकारों को बनाए रखने के उद्देश्य से पैरोल देने के मुद्दे से नहीं निपट रही है, बल्कि जेल नियमों के अनुसार बच्चा पैदा करने के लिए आवश्यक इलाज कराने के एक दोषी के मौलिक अधिकार पर सुनवाई कर रही है। मौजूदा मामले में याचिकाकर्ता गत 14 साल से कारावास में है और उसने इस आधार पर पैरोल देने का अनुरोध किया था कि वह और उसकी पत्नी अपने वंश को बचाना चाहते हैं और इसलिए विट्रो फर्टेलाइजेशन (आईवीएफ) के तहत चिकित्सा जांच के इच्छुक हैं।

आयकर विवरणी के नॉन फाइलर्स कृपया ध्यान दें



अंतिम अवसर

विलंब न करें

आज ही दाखिल करें

निर्धारण वर्ष 2023-24 के लिए

31 दिसम्बर, 2023 तक

आयकर विवरणी दाखिल करें

नॉन फाइलर कौन है ?

- आयकर विभाग ने उन सम्भावित करदाताओं की पहचान कर ली है जिन्होंने उच्च मूल्य वित्तीय संव्यवहारों के बावजूद भी अपनी आयकर विवरणी दाखिल नहीं की है।
- ऐसे नॉन फाइलर्स से एसएमएस और ईमेल के माध्यम से संपर्क करके उन्हें अपने रिकॉर्ड के सत्यापन और अपनी आयकर विवरणी दाखिल करने के लिए प्रेरित किया गया है, यदि वे आयकर विवरणी दाखिल करने के लिए उत्तरदायी हैं।

नॉन फाइलर को क्या करना चाहिए ?

- www.incometax.gov.in पर ई-फाइलिंग पोर्टल पर एक लॉगिन खाता बनाएँ (यदि पहले से नहीं बना हुआ है)।
- ई-फाइलिंग पोर्टल पर लॉगिन करें।
- ई-फाइलिंग पोर्टल पर लॉगिन करने के बाद कम्पलाईन्स पोर्टल पर जाएँ।
- संव्यवहारों के संबंध में प्रत्युत्तर प्रस्तुत करें।
- यदि आयकर विवरणी दाखिल करने के लिए उत्तरदायी हो तो आय की विवरणी दाखिल करें।

cbc 15401/13/0022/2324

अधिक जानकारी के लिए www.incometax.gov.in पर जाएँ

आयकर विभाग

आयकर विभाग
केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड

जानकारी के लिए, क्यू आर कोड स्कैन करें

@IncomeTaxIndia @IncomeTaxIndiaOfficial @incometaxindiaoffical @IncomeTaxIndia @ Income Tax India Official

Dr. Juneja's
पेट सफा
Natural Laxative
GRANULES & TABLETS
कब्ज़ • गैस एसिडिटी
पेट सफा तो हर रोग दफा
Clinically Tested*
*For efficacy and safety.
दिविसा हर्बल केयर प्रस्तुत करते हैं पेट सफा आयुर्वेदिक ग्रेन्यूल्स एवं टेबलेट्स, जिसे सेवन करना है बिल्कुल आसान, और परिणाम है पहले दिन से
इसकी आदत भी नहीं बनती
Ayurvedic Proprietary Medicine
No Side Effect
Safe for daily use
24x7 Helpline: 91197 88888
www.petsaffa.com
Available at all medical & general stores

# राम मंदिर के गर्भगृह में नहीं होंगी मां सीता की कोई भी मूर्ति : चंपत राय

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

70 एकड़ में बनने वाले राम मंदिर में भगवान रामलला की मूर्ति गर्भ ग्रह में विराजित होगी। यह राम का वह रूप होगा, जिसमें वे 5 साल के बालक रूप में होंगे। क्योंकि मूर्ति भगवान के बाल स्वरूप की है, इसलिए मुख्य मंदिर के गर्भगृह में मां सीता की कोई मूर्ति नहीं होगी। चंपत राय कहते हैं, मुख्य मंदिर 360 फीट लंबा और 235 फीट चौड़ा होगा। मंदिर का शिखर 161 फीट ऊंचा होगा। परिसर के जिस गर्भगृह में रामलला विराजेंगे वहां पहुंचने के लिए 32 सीढ़ियां चढ़नी पड़ेंगी। सबसे खास बात यह है कि जो मूर्ति स्थापित होगी वह उस स्वरूप की होगी, जिसमें भगवान की शादी नहीं हुई है। यानी की मुख्य मंदिर में आपको मां सीता की मूर्ति नजर नहीं आएगी।

गर्भ ग्रह में विराजित होने वाली मूर्ति में भगवान राम 5 साल के बालक के रूप में होंगे, क्योंकि मूर्ति भगवान के बाल स्वरूप की है, इसलिए मुख्य मंदिर के गर्भगृह में मां सीता की कोई मूर्ति नहीं होगी


### ऐसा है राम मंदिर

**360** फीट लंबा है मुख्य राम मंदिर

**235** फीट चौड़ा होगा मुख्य राम मंदिर

**161** मीटर ऊंचा होगा मंदिर का शिखर

### 32 सीढियां चढ़कर होंगे रामलला के दर्शन



### जन्मभूमि परिसर में 7 मंदिर बनाए जाएंगे

मुख्य मंदिर के अलावा जन्मभूमि परिसर में 7 और मंदिर बनाए जा रहे हैं। इनमें भगवान राम के गुरु ब्रह्मर्षि वशिष्ठ, ब्रह्मर्षि विश्वामित्र, महर्षि वाल्मीकि, अगस्त्य मुनि, रामभक्त केवट, निषादराज और माता शबरी के मंदिर शामिल हैं। इन मंदिरों का निर्माण 2024 तक पूरा हो जाएगा।

### प्राण-प्रतिष्ठा में गर्भगृह में रहेंगे मोदी-योगी समेत 5 लोग

22 जनवरी 2024 को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा है। सूत्रों के मुताबिक, प्राण प्रतिष्ठा के समय गर्भगृह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, संघ प्रमुख मोहन भागवत और मंदिर के आचार्य (मुख्य पुजारी) मौजूद रहेंगे। सबसे पहले पीएम मोदी प्रभु श्रीराम को आईने में उनका चेहरा दिखाएंगे। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से 23 दिन पहले यानी 30 दिसंबर को मोदी अयोध्या आ रहे हैं। 30 दिसंबर को मोदी श्रीराम एयरपोर्ट और अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का उद्घाटन कर रोड शो करेंगे। इससे पहले मंदिर ट्रस्ट रामलला की बन रही 3 मूर्तियों में से एक का चयन कर लेगा। 29 दिसंबर को मूर्ति का चयन हो जाएगा। रामलला की इसी मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी। आज और कल ट्रस्ट की बैठक है।

### महज 1 मिनट 24 सेकेंड में होगी प्राण प्रतिष्ठा



प्राण-प्रतिष्ठा महज 1 मिनट 24 सेकेंड में होगी। काशी के पंडितों ने यह मुहूर्त तय किया है। द्रविड़ बंधु पं. गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ और पं. विश्वेश्वर शास्त्री ने बताया कि 22 जनवरी को दोपहर 12 बजकर 29 मिनट 8 सेकेंड से मूल मुहूर्त होगा, जो 12 बजकर 30 मिनट 32 सेकेंड तक चलेगा यानी प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त कुल 1 मिनट 24 सेकेंड का ही होगा। इस मुहूर्त की शुद्धि भी की जाएगी। मुहूर्त शुद्धि का समय 20 मिनट का होगा। यह 19 जनवरी की शाम 6 बजे से शुरू होगा, जो 6 बजकर 20 मिनट तक चलेगा। इसके बाद 20 जनवरी को सूर्योदय से पहले मुहूर्त शुद्धि का संकल्प होगा। पंडित गणेश्वर शास्त्री ने ही काशी कॉरिडोर के लोकार्पण और राम मंदिर शिलान्यास का मुहूर्त तय किया था।

### योगी का अयोध्या दौरा स्थगित

गुरुवार को सीएम योगी अयोध्या जाने वाले थे, हालांकि खराब मौसम की वजह से योगी का अयोध्या दौरा स्थगित हो गया। अब योगी शुक्रवार को अयोध्या जाएंगे। मौसम की बात करें तो अयोध्या में आज सुबह घना कोहरा छाया रहा। अब शुक्रवार को योगी राम मंदिर को देखेंगे। इसके बाद जिन योजनाओं का इनॉगरेशन होना है, वहां जाएंगे। फिर सर्किट हाऊस में समीक्षा बैठक करेंगे। फिर लखनऊ के लिए रवाना होंगे।

## खबर संक्षेप

### मस्जिद गिराने के प्रस्ताव पर ओवैसी का विरोध




**हैदराबाद।** एआईएमआईएम प्रमुख और हैदराबाद सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने नई दिल्ली नगर पालिका परिषद कार्यालय को एक पत्र लिखकर सुनहरी मस्जिद को हटाने का विरोध किया है। उन्होंने कहा है कि मस्जिद हटाने के प्रस्ताव को तुरंत वापस लिया जाना चाहिए।

### जम्मू कश्मीर में ओबीसी आरक्षण शामिल



**जम्मू।** लोकतांत्रिक संस्थानों में ओबीसी आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए इसमें ओबीसी की परिभाषा को शामिल किया गया है। इसके लिए संशोधन को मंजूरी दे दी गई है। पंचायती राज अधिनियम में एससी और एसटी के अलावा अब ओबीसी को भी आरक्षण दिया।

### जापान में 6.3 तीव्रता का आया भूकंप,हानि नहीं



**टॉक्यो।** जापान में गुरुवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। कुरिल द्वीप में आए भूकंप की तीव्रता 6.3 तीव्रता मापी गई। इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 3 दिन में तीसरी बार भूकंप आया है।

## हिंदी और कन्नड भाषा के बीच विवाद : कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का ऐलान

# साइनबोर्ड और नेम प्लेट पर 60 फीसदी कन्नड़ भाषा रिजर्व करने के लिए बिल लाएगी सरकार

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि उनकी सरकार साइनबोर्ड और नेम प्लेट पर 60% जगह कन्नड़ के लिए रिजर्व रखने के लिए ऑर्डिनेंस लाएगी। सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि यह अध्यादेश 28 फरवरी 2024 को लागू होगा। मुख्यमंत्री का यह बयान कन्नड़ समर्थक संगठनों के साइनबोर्ड, नेमप्लेट और विज्ञापनों पर कन्नड़ भाषा रखे जाने की मांग को लेकर हुए विरोध प्रदर्शन के बाद आया है। उन्होंने नियमों को लेकर गृह मंत्री, बेंगलुरु महानगर पालिका और पुलिस अधिकारियों से मीटिंग की। सिद्धारमैया ने यह भी कहा कि सरकार कन्नड़ भाषा व्यापक विकास अधिनियम (केएलसीडीए) 2022 की धारा 17 (6) में भी संशोधन करेगी, जिसे पिछली भाजपा सरकार ने विधानसभा चुनाव से पहले 10 मार्च 2023 को लागू किया था। विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों को सीएम ने चेतावनी दी और कहा कि नियमों को मानना होगा।

## विज्ञापनों पर कन्नड़ भाषा रखे जाने की मांग को लेकर हुए राज्य में हो रहे विरोध प्रदर्शन



### हिंदी-अंग्रेजी भाषा के साइनबोर्ड्स पर कालिख पोती

अगर कोई नियम नहीं मानेगा, तो उसे नतीजा भी भुगतना होगा। सभी संगठनों और कार्यकर्ताओं से भी अपील की कि वे कानून अपने हाथ में न लें। बेंगलुरु में भाषा विवाद को लेकर बुधवार को कई जगहों पर प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारियों ने केम्पेगौड़ा एयरपोर्ट, होटल, दुकानों और प्राइवेट कम्पनियों के ऑफिस के बाहर तोड़फोड़ की। उपद्रवियों ने उन जगहों को निशाना बनाया, जिनके साइनबोड्र्स पर कन्नड़ के बजाय हिन्दी या अंग्रेजी भाषा लिखी है। प्रदर्शनकारियों ने ऐसे साइनबोड्र्स फाड़ दिए या उन पर कालिख पोत दी।

### डिप्टी सीएम बोले- नारे लगाने हैं तो लगाएं, बर्बरता बर्दाश्त नहीं करेंगे



कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और गृहमंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने भी कहा कि सरकार कन्नड़ भाषा के लिए लड़ाई के नाम पर राज्य में किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने नहीं देगी। हमें कन्नड़ को बचाना है और हम उन लोगों का सम्मान करते हैं, जो कन्नड़ को बचाने के लिए लड़ते हैं। वे लोकतांत्रिक तरीके से जो चाहें करने के लिए स्वतंत्र हैं, लेकिन बर्बरता स्वीकार नहीं की जाएगी।

### कन्नड़ साइनबोर्ड का विवाद क्यों बढ़ा

बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका ने 25 दिसंबर को एक आदेश जारी किया था, जिसमें शहर की सभी दुकानों, होटल्स और मॉल्स में लगे साइनबोर्ड पर 60% कन्नड़ भाषा अनिवार्य कर दी थी। आदेश आने के बाद लोगों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया, उनकी मांग की है यह आदेश तत्काल लागू किया जाए। पुलिस ने बेंगलुरु में कई जगह प्रदर्शन कर रहे कर्नाटक रक्षणा वेदिके ग्रुप के कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया है। विरोध प्रदर्शन केआरवी अध्यक्ष टी ए नारायण गौड़ा के नेतृत्व में हो रहा था। 53 से अधिक कन्नड़ कार्यकर्ताओं को 10 जनवरी तक 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में परप्पाना अग्रहारा सेंट्रल जेल में रखा गया है। पुलिस ने 1000 लोगों को एहतियातन हिरासत में भी लिया है।

## पुतिन ने विदेश मंत्री जयशंकर से कहा

# मौजूदा उथल-पुथल' के बावजूद भारत-रूस संबंध आगे बढ़ रहे



भाषा ▶▶ मॉस्को

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि दुनिया में 'वर्तमान उथल-पुथल' के बावजूद रूस के भारत और उसके लोगों के साथ संबंध 'लगातार आगे' बढ़ रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि भारत में अगले आम चुनाव के बाद भले 'कोई भी राजनीतिक समीकरण' बने लेकिन दोनों देश अपने पारंपरिक मैत्रीपूर्ण संबंधों को बनाए रखेंगे। पुतिन ने यह टिप्पणी बुधवार को तब की जब विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने क्रेमलिन में उनसे मुलाकात की। पुतिन ने कहा, ''हमें यह जानकर बहुत खुशी हो रही है कि दुनिया में मौजूदा उथल-पुथल के बावजूद, एशिया में हमारे पारंपरिक दोस्तों, भारत और भारतीयों के साथ संबंध लगातार आगे बढ़ रहे हैं।'

### पीएम मोदी को हर स्थिति की जानकारी प्रदान की

यूक्रेन के खिलाफ रूस की सैन्य कार्रवाई के बावजूद भारत और रूस के बीच संबंध मजबूत बने हुए हैं। भारत ने अभी तक यूक्रेन पर रूसी आक्रमण की निंदा नहीं की है और वह कहता रहा है कि संकट को कूटनीति और बातचीत के माध्यम से हल किया जाना चाहिए। पुतिन ने कहा, ''हम प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी के रुख को जानते हैं और हम यूक्रेन की स्थिति, उनकी चिंताओं और जटिल प्रक्रिया के संबंध के बारे में लगातार बातचीत की है।'' रूसी राष्ट्रपति ने कहा, ''मैंने उन्हें इस संघर्ष की स्थिति के बारे में बार-बार सूचित किया है। मैं इस समस्या को शांतिपूर्वक तरीके से हल करने के लिए सब कुछ करने की उनकी इच्छा के बारे में जानता हूं, लेकिन अब हम इसके बारे में और बात करेंगे।

## भारत ने की आतंकी हाफिज सईद के प्रत्यर्पण की मांग

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद



भारत ने पाकिस्तान से लश्कर ए तैयबा के संस्थापक और खूंखार आतंकी हाफिज सईदी को सौंपने की मांग की है। पाकिस्तानी मीडिया के हवाले से ये खबर आई है। मीडिया रिपोट्र्स के अनुसार, भारत ने हाफिज सईद के प्रत्यर्पण के लिए पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय से औपचारिक मांग की है। बता दें कि हाफिज सईद पुलवामा हमले का मास्टरमाइंड है। भारत सरकार ने पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय से हाफिज सईद को भारत प्रत्यर्पित करने की कानूनी कार्रवाई शुरू करने की अपील की है। हालांकि पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने अभी तक इस पर कोई एक्शन नहीं लिया है।

## नवाज शरीफ दो सीटों से लड़ रहे हैं आम चुनाव



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ क्या आठ फरवरी को होने वाला आम चुनाव लड़ सकेंगे? इस सवाल से गुरुवार को पर्दा उठ गया। पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने नवाज शरीफ के नामांकन पत्र को स्वीकार कर लिया। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट की ओर से नवाज शरीफ के चुनाव लड़ने पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया था। नवाज शरीफ के चुनाव लड़ने पर आजीवन लगे प्रतिबंध के बाद सवाल खड़े होने लगे थे। बता दें कि चुनाव आयोग को 73 वर्षीय नवाज शरीफ की उम्मीदवारी पर कोई आपत्ति नहीं है और उनका नामांकन पत्र स्वीकार कर लिया गया है। ऐसे में नवाज शरीफ लाहौर और खैबर पख्तूनख्वा के मानसहरा शहर से चुनावी मैदान में नजर आएंगे।

## व्यापार समाचार

### सोना 450 रुपये चढ़ा, चांदी भी मजबूत

**नई दिल्ली।** मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 450 रुपये की तेजी के साथ 64,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। यह कम से कम दूसरी बार है जब सोने की कीमतें चार दिसंबर के 64,300 रुपये प्रति 10 ग्राम की रिकॉर्ड ऊंचाई को छू गई हैं। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 400 रुपये चढ़कर 79,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। चांदी 79,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोना मजबूती के साथ 2,080 डॉलर प्रति औंस हो गया। चांदी भी तेजी के साथ 24.31 डॉलर प्रति औंस हो गई।

**दुखद** कोरोना पॉजिटिव पाए गए, सांस लेने में भी महसूस हो रही थी तकलीफ

# डीएमडीके के संस्थापक गुजरे जमाने के लोकप्रिय तमिल अभिनेता विजयकांत का बीमारी से निधन

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

देसिया मुरपोक्कू द्रविड़ कषगम (डीएमडीके) के संस्थापक और गुजरे जमाने के लोकप्रिय तमिल अभिनेता विजयकांत का बृहस्पतिवार को चेन्नई के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 71 वर्ष के थे। विजयकांत को, उनकी उदारता के लिए उनके प्रशंसक ''करुप्पु एमजीआर'' कहते थे। वह लंबे समय से अस्वस्थ थे और पिछले चार-पांच वर्षों से राजनीति से लगभग दूरी बनाए हुए थे। उनकी पत्नी प्रेमलता ने 14 दिसंबर को औपचारिक रूप पार्टी की कमान संभाली और यहां पार्टी की एक बैठक में उन्हें महासचिव घोषित किया गया। 'मद्रास इंस्टीट्यूट ऑफ ऑर्थोपेडिक्स एंड ट्रॉमेटोलॉजी (एमआईओटी) इंटरनेशनल' अस्पताल ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, ''विजयकांत को निमोनिया के इलाज के लिए भर्ती कराया गया था इसके बाद से वह जीवन रक्षक प्रणाली पर थे। चिकित्साकर्मियों के प्रयासों के बावजूद 28 दिसंबर 2023 की सुबह उनका निधन हो गया।'' विजयकांत ने 2011 के विधानसभा चुनावों में अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (एआईएडीएमके) के साथ गठबंधन किया और जयललिता के नेतृत्व वाले गठबंधन ने चुनाव जीता। उस वक्त डीएमडीके संस्थापक राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता चुने गए।



### निमोनिया के बाद भर्ती हुए अस्पताल में

एक्टर और नेता विजयकांत कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे अस्पताल के एक बयान में कहा गया है- निमोनिया के लिए भर्ती होने के बाद विजयकांत वेंटिलेटर सपोर्ट पर थे। वे कोरोना पॉजिटिव भी पाए गए, जिसके बाद उन्हें सांस लेने में तकलीफ महसूस होने लगी। आखिरकार आज यानी कि 28 दिसंबर 2023 की सुबह उनका निधन हो गया। उनके निधन के बाद अस्पताल के बाहर कड़ी सुरक्षा का इंतजाम कर दिया गया है।

### विजयकांत तमिलनाडु विधानसभा में विपक्ष के नेता भी रह चुके

विजयकांत की एक्टिंग जर्नी बेहद शानदार थी। उन्होंने तकरीबन 154 फिल्मों में काम करके अपनी एक अलग पहचान बना ली थी। उन्होंने नरसिंहा, कैप्टन प्रभाकरण, धर्म चक्रम जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम किया था। इतना ही नहीं वे एक सफल डायरेक्टर और प्रोड्यूसर भी थे। इसके बाद विजयकांत ने राजनीति का रुख लिया। वे 2011 से 2016 तक तमिलनाडु विधानसभा में विपक्ष के नेता थे। उन्होंने तमिलनाडु की डीएमडीके पार्टी की भी स्थापना की। हालांकि पिछले कुछ समय से उनका स्वास्थ्य चिंता का विषय बना हुआ था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स (सोशल मीडिया) पर साझा किया- विजयकांत जी के निधन से बेहद दुखी हूं। वे तमिल फिल्म जगत के एक दिग्गज कलाकार थे, जिन्होंने लाखों लोगों का दिल जीता।

Advertorial

जानकारी - (शोध) कहीं आपके पेट के चूर्ण में सनाय तो नहीं?

कब्ज़ के रोगियों के लिए राहत भरी ख़बर

**मुंबई:** सनाय एक उत्तेजक पदार्थ है जिसकी शरीर को आदत हो जाती है, जिसके कारण मलाशय को तकलीफ़ एवं कैंसर होने की सम्भावना होती है। इससे कब्ज की तकलीफ़ दीर्घकाल तक हो सकती है। पेट में गैस की समस्या को पेट में वायु बनना या गैस बनना आदि भी बोला जाता है। आजकल अस्वस्थ आहार और सुस्त जीवनशैली के कारण पेट में गैस की समस्या होना आम बात हो गई है। आयुर्वेद के अनुसार, पेट के जितने भी रोग हैं वे सभी शरीर के त्रिदोष के कारण होते हैं। इसलिए वात, पित्त, कफ दोषों को शांत करके पेट के रोग जैसे गैस की समस्या को ठीक किया जा सकता है। पेट में गैस होने पर अनेक तरह की बीमारियां होने की संभावना भी बन जाती है। जब खाना खाते हैं तब पाचनक्रिया के दौरान हाइड्रोजन, कार्बनडाई ऑक्साइड और मिथेन गैस निकलता है जो गैस या एसिडिटी होने का कारण बनता है। जब पाचन सही प्रकार से नहीं होता है तो पेट में बनने वाली अपान वायु तथा प्राण वायु बाहर नहीं निकल पाती है। गैस से होने वाले रोग से बचने के लिए आपको आयुर्वेदिक ख्याल स्वादिष्ट चूर्ण इस्तेमाल करना चाहिए। 21 जड़ी- बूटिओं जैसे - सफ़ेद जीरा, कृष्णा जीरा, अजवाइन, अजमोद, पीपली, सौंठ, लौंग, दालचीनी, धनिए, गजपीपली, कालीमिर्च, अनारदाना, इलाइची, पुदीना, हींग व् सौंफ आदि से निर्मित ख़्याल स्वादिष्ट चूर्ण पेट सम्बंधित समस्याओं में तुरंत राहत देता है एवं इसकी आदत भी नहीं पड़ती। खाने के बाद एक चम्मच सेवन करे और सभी रोगों से अपने को बचाएँ क्योंकि बुजुर्ग बोल गये हैं की सभी बीमारी की जड़ पेट ही है। और पेट से सम्बंधित किसी भी समस्या के लिए निःशुल्क नम्बर 9878877768 पर परामर्श कर सकते है।




SUPER STOCKIST - NARMADA SALES CORPORATION (PANCHKULA) 0172 2582665, 9501015115 :- AMBALA CANTT- 9253040818, AMBALA CITY- 8607694694, YAMUNANAGAR- 9416466555, JAGADHRI- 9142176000, KURUKSHETRA- 8930820006, KAITHAL- 9812526510, PANIPAT- 9812341411, HISAR- 9896277339, 9416251269, ROHTAK- 9671313136, FATHEBAD- 9416389051, SIRSA- 9254122240, DABWALI- 9416218182, KARNAL- 9896721515, JIND- 9992495101, REWARI- 9416382430, CHARKHI DADRI- 9416295250, PALWAL- 9812398260, BALLABGARH- 9999004423

ख़्याल स्वादिष्ट चूर्ण
•गैस •अफरा •अपचन •बदहज़मी
आम जनता के लिए .....
www.khayalhealth.com
Flipkart meesho TATA 1mg JioMart
और मेडिकल स्टोर्स पर भी उपलब्ध

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25